CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, रविवार 27 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 266 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र भाजपा प्रमुख की रेस: ब्राह्मण-ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी पेज 2



एशिया कप यूएई में खेला जाएगा खेल टाइम्स



अमेरिका कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका पेज 11



दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा बॉलीवुड

# ऑपरेशन सिंदूर से पाक को दिया सीधा संदेश: आर्मी चीफ

श्रीनगर, वार्ता

**सेना प्रमुख** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ पर शनिवार को यहां कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत का संकल्प, संदेश और पाकिस्तान को निर्णायक जवाब था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे।

जनरल द्विवेदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के अंतर्गत कारगिल की चोटियों पर अद्वितीय विजय प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं ने उस समय स्पष्ट कर दिया था कि उसकी सीमाओं के भीतर किसी भी नापाक इरादे को सफलता नहीं मिलेगी। भारत की एकता और -शेष पृष्ठ दो पर



■ आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा, कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

## कारगिल विजय दिवस पर मुर्मू ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1999 के कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दिन को देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले भारतीय सैनिकों के असाधारण पराक्रम, अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

## खड़गे, सोनिया गांधी ने कारगिल नायकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संप्रग की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को बरसों तक 'भारत के इतिहास में वीरता का स्वर्णिम अध्याय' बताया जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री खड़गे ने 'एक्स' पर लिखा कि कारगिल विजय दिवस पर हम अपने सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सभी साथी भारतीयों को हार्दिक बधाई देते हैं।

## हमारे बहादुर जवानों की कुर्बानी प्रेरणा देती रहेगी: पीएम



**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर पीएम मोदी ने 1999 के कारगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने इस दिन को भारत के उन वीरों के अद्वितीय साहस और अदम्य साहस की याद दिलाने वाला बताया जिन्होंने सर्वोच्च चोटियों पर राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

## 50 करोड़ कीमत की 10 किलो हेरोइन जब्त, आठ गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## झारखंड के डैम में डूबने से चार युवकों की मौत

**नई दिल्ली।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चेक डैम में डूबने से चार युवकों की मौत हो गई। सभी दलाईकला गांव के रहने वाले थे और डैम में नहाने आए थे। इनमें दो युवक बेस्ट फ्रेंड थे, जबकि दो आपस में रिश्तेदार थे।

## बेबाकी से कहा सीजेआई ने

# सरकार और अदालतों में एक जैसी लालफीताशाही

अमरावती, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने जनता के घर-द्वार तक न्याय

### न्यायपालिका का विकेंद्रीकरण हो: गवई

पहुंचाने के लिए न्यायपालिका के विकेंद्रीकरण का सुझाव दिया। वे अपने पैतृक जिले अमरावती के दरियापुर कस्बे में कोर्ट बिल्डिंग का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि न्यायिक अवसंरचना समिति के प्रमुख के रूप में उन्होंने नए तालुका और जिला न्यायालयों की स्थापना का एक मॉडल तैयार किया है। उनके प्रस्ताव पर काम हो रहा है, लेकिन अदालतों और सरकार में लालफीताशाही एक जैसी है। हालांकि उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, एकनाथ शिंदे, उद्धव ठाकरे न्यायिक अवसंरचना कार्यों के प्रति सकारात्मक रहे हैं। आज भी पर्याप्त फंड दिया जा रहा है। सीजेआई ने कहा कि वह दरियापुर में -शेष पृष्ठ दो पर



## पुराने वाहन मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध में ढील देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अपनाए गए कड़े उपायों और बड़ी संख्या में लोगों होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से 2018 के प्रतिबंध से संबंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतिबंध से प्रदूषण मानकों का पालन करने वाले वाहनों के मालिकों को व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सरकार ने 'एमसी मेहता बनाम भारत सरकार' मामले में एक आवेदन के जरिये शीर्ष अदालत से यह गुहार लगाई है।

## भगदड़ मामला: आरसीबी, इवेंट कंपनी और राज्य क्रिकेट संघ को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की ओर से बनाए गए जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग की रिपोर्ट सामने आई। इसमें स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम की डिजाइन ऐसी नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित तरीके से इकट्ठा हो सकें।

## एनआईए ने आईएसआईएस की विचारधारा फैलाने वाले के खिलाफ किया आरोपपत्र दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और षड्यंत्र मामले के एक मुख्य आरोपी के खिलाफ तमिलनाडु में शनिवार को आरोपपत्र दायर किया।

एनआईए के अनुसार अलफसिथ नाम का यह आरोपी तमिलनाडु के मयिलादुथुराई का रहने वाला है और उसके खिलाफ खिलाफ पूनमल्ले (तमिलनाडु) स्थित एनआईए की विशेष अदालत में भारतीय दंड संहित की धारा 153 ए और 505 तथा गैर कानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 13 और 39 के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अलफसिथ आईएसआईएस के कट्टर समर्थकों मोहम्मद आशिक और साथिक बच्च के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ था। ये दोनों तमिलनाडु में आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में शामिल थे।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram College
Parikarma Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
src_mzn@rediffmail.com www.srgcmzn.com
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)



Hon'ble Smt Anandiben Patel, Governor of UP felicitating Dr S C Kulshreshtha, Founder Chairman, SRC for getting "NAAC A++ Award"



Prof Vimala Y, VC, MS University, Saharanpur felicitating Dr Poonam Sharma, President & Sankalp Kulshreshtha, Secretary, Management Committee, SRC for getting "Autonomous Status"

Benefits to Study in Autonomous College
- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams & Higher Credits for Internal Assessment.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be Issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

Maa Shakumbhari University
Saharanpur
Letter of Appreciation to
Shri Ram College, Muzaffarnagar
Maa Shakumbhari University, Saharanpur is overwhelmed and feels proud for Shri Ram College, Muzaffarnagar which has become the only college certified with A++ grade by NAAC in the entire state of Uttar Pradesh.
It is equally an unprecedented and historical achievement for Maa Shakumbhari University that its affiliated college Shri Ram College, Muzaffarnagar has become "Autonomous College" not only the first college of the University but also the first college of universities of Western Uttar Pradesh. The management, faculty members, staff and students deserve great appreciation for this achievement.
Maa Shakumbhari University expresses its appreciation towards the efficient leadership of Shri Ram College and hopes that the college will also illuminate other educational institutions of the University with its aura.
With best wishes for the bright future of the college,
Date- 28th March 2025
Place- Muzaffarnagar
(Professor Vimala Y)
Vice Chancellor

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

Courses Offered
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy | MSc- Agri Chem & Soil Sc
BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance
BSc- Tourism & Hospitality Management
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism * Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration | Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

For Further Information Please Contact @
Business Administration: 9927729646; Agriculture: 9412192801; Computer Application: 9358348700; Bioscience: 9456895886; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Edu.: 8394930091; Phy Edu.: 7817861855; Fine Arts: 9719402220; Journalism: 9927668855; Home Sc. & AEDP: 8800538281

# डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर रेटिंग में मोदी टॉप पर

नई दिल्ली, वार्ता

■ दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति दूसरे स्थान पर
■ टैरिफ वॉर की वजह से ट्रम्प को आठवां स्थान मिला

**पीएम मोदी** ने शनिवार को जारी डेमोक्रेटिव ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में टॉप स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 75 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है।

दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग हैं। जे म्युंग को 59 फीसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अंडर 5 में जगह नहीं मिली है। ये आंकड़े अमेरिका स्थित व्यवसायिक खुफिया फर्म मार्निंग कंसल्ट जारी करती है। ट्रम्प को 45 फीसदी से कम अप्रूवल रेटिंग के साथ आठवां स्थान मिला है। यह ताजा ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग 4 से 10 जुलाई 2025 के बीच की है।

## 17 सांसद संसद रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, भाजपा के रविकिशन और निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत का नाम शामिल है। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। इनके अलावा 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इनमें भाजपा के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा है। बाकी सांसदों में भाजपा की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, भाजपा की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो और दिलीप सैकिया भी शामिल हैं।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकाने पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है। अवैध मकान को ढहाने की स्थिति का जिला. धिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन परती की जमीन पर सबरोज ने मकान बनाया था।

### कर्नाटक के दो अधिकारियों के बीच मारपीट में चले जूते

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में तैनात राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिका. रियों के बीच हुई बहस के बाद मारपीट होने की खबर सामने आई है। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विशेष अधिकारी एच. अंजनेया ने सहायक स्थानीय आयुकत एवं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विशेष अधिकारी सी. मोहन कुमार पर जूते से उन पर हमला करने का आरोप लगाया है। यह घटना नई दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन के कार्यालय परिसर में घटी और तब प्रकाश में आई, जब अंजनेया ने स्थानीय आयुकत इमकोंगला जमीर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। अंजनेया ने अपनी शिकायत में कहा कि मुझे जूते से पीटा गया और मेरे सम्मान एवं गरिमा को ठेस पहुंची है।

# उप्र भाजपा प्रमुख की रेस: ब्राह्मण व ओबीसी समीकरण में उलझी पार्टी

**लखनऊ, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई में नए अध्यक्ष को लेकर मंथन जारी है। संगठन के सूत्रों की मानें, तो छह नामों की एक सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी गई है, उसमें दो ब्राह्मण, दो पिछड़े समुदाय से और दो दलित समुदाय से हैं। इन नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जल्द ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा इसका ऐलान भी कर दिया जाएगा।

दरअसल भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अगले साल पंचायत चुनाव होने हैं। वहीं 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और राज्य इकाई प्रमुख का चुनाव इन बातों को ध्यान में रखकर ही किया



जाएगा। राज्य में लोकसभा चुनाव में मिली हार को पलटकर लखनऊ में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करना चाहेगी। भाजपा ने 37 में से 25 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों में राज्य प्रमुखों का चयन कर लिया है। अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की भी तैयारी कर रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सुझाए गए नामों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और बस्ती के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी (दोनों ब्राह्मण), उत्तर प्रदेश के मौजूदा मंत्री धर्मपाल सिंह और मौजूदा केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा (दोनों ओबीसी), और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया और मौजूदा एमएलसी विद्यासागर सोनकर (दोनों दलित) शामिल हैं। भाजपा नेता ने कहा कि संगठन ने अपनी ओर से केंद्रीय नेतृत्व को उपयुकत नाम सुझाए हैं, जिन पर उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए विचार किया जा सकता है और नेतृत्व सक्रिय रूप से उनका मूल्यांकन कर रहा है। अगले दो हफ्तों में और संभवत: उससे भी पहले कोई फैसला होने की संभावना है। अपनी साफ-सुथरी छवि और शैक्षणिक योग्यता के लिए जाने जाने वाले ब्राह्मण नेता शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और शीर्ष नेतृत्व का विश्वास प्राप्त है। द्विवेदी भी ब्राह्मण हैं और युवा तथा संसदीय अनुभव लेकर आते हैं।

# आरओ-एआरओ परीक्षा यूपी के २३८२ केंद्रों पर आज

## यूपीपीएससी के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा पर पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए

**प्रयागराज, वार्ता**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यह परीक्षा 27 जुलाई को प्रदेश के 2382 केंद्रों पर होगी।

इससे पूर्व 11 फरवरी 2024 को हुई इसी परीक्षा में पेपर लीक हो गया था और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी। यह परीक्षा अब डेढ़ साल बाद होने जा रही है और इस दौरान परीक्षा की पारदर्शिता व निगरानी के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। आरओ/एआरओ परीक्षा पहली बार आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर कंट्रोल रूम को सीधे अलर्ट मिल जाएगा और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। परीक्षा कक्ष में अगर कोई अभ्यर्थी उधर-उधर देखना है या धीमे से भी



■ यूपी में परीक्षा पहली बार आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी

कुछ बोलता है, तो एआई तकनीकी मदद से उसे तुरंत चिह्नित कर लिया जाएगा। सिर्फ अभ्यर्थी ही नहीं बल्कि कक्ष निरीक्षकों पर भी एआई की निगरानी होगी, ताकि किसी भी तरह से गड़बड़ी की कोई आशंका न रह जाए। आरओ/एआरओ के 411 पदों पर भर्ती के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। आयोग को पहली बार इस परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में केंद्र बनाने पड़े हैं। प्रयागराज में कुल 106 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान प्रवेश/निकास द्वार पर किसी भी तरह की हलचल का पता चलने पर अलर्ट रहेगा। कक्षाओं के अंदर फर्नीचर ठीक से व्यवस्थित न होने पर अलर्ट, कैमरे ऑफलाइन होने या मास्किंग या ब्लैक स्क्रीन द्वारा छेड़छाड़ किये जाने पर अलर्ट, परीक्षा से एक घंटे पहले या बाद में कक्षाओं में किसी भी तरह की हलचल होने पर भी अलर्ट रहेगा। 27 जुलाई को आरओ/एआरओ की भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए रेलवे आठ कोच की मेमू ट्रेन का संचालन बनारस से प्रयागराज जंक्शन होते हुए कानपुर तक करेगा। गाड़ी संख्या 05187 बनारस से 26 जुलाई की शाम 6.00 बजे रवाना होकर रात 8.32 बजे प्रयागराज रामबाग, 8.52 बजे प्रयागराज जंक्शन एवं रात 11.40 बजे कानपुर पहुंचेगी। दूसरी ओर यूपी रोडवेज द्वारा ऑन डिमांड अतिरिक्त बसों का संच. ालन किया जाएगा।

## भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता के सरकार के दावे खोखले: राहुल

# विफलता सिर्फ सड़े हुए सिस्टम का आईना

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में बढ़े स्तर पर पेपर लीक हो रहे हैं और उम्मीदवारों के सैकड़ों किलोमीटर यात्रा कर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने पर परीक्षाएं रद्द होने की सूचना मिलती है जिससे युवाओं में निराशा है, लेकिन मोदी सरकार तंत्र की इस विफलता को तोड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

गांधी ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि मोदी सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन देश भर में बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं हो रही है और सरकार माफियाओं पर नकेल कसने में



■ देशभर में लीक हो रहे पेपर माफियाओं पर नकेल कसने में सरकार विफल

पूरी तरह से विफल रही है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) फेज़-13 की परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ियां सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मोदी सरकार के विफलता और सड़े हुए सिस्टम का आईना हैं। अभ्यर्थी 400-500 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचता है पता चलता है कि उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सिस्टम की खामियों के कारण लगातार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाएं हो रहे हैं, जिसके कारण लाखों युवाओं और उनके परिवार के लोगों की मेहनत, समय और उम्मीदें बर्बाद हो रही हैं। पिछले 10 साल में नीट, एनईटी, यूपीपीएससी, बीपीएस और बोर्ड परीक्षाओं सहित 80 से ज्यादा पेपर्स में खुलेआम धांधली हुई है। सिर्फ इस साल की धांधली से 85 लाख बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन इन्हें रो. कने में सरकार नाकाम रही है और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा सुधार के बड़े-बड़े उनके वादे खोखले साबित हुए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं सरकार के निकम्मेपन, प्रशासनिक भ्रष्टाचार और परीक्षा माफियाओं के गठजोड़ का नतीजा है। युवाओं के सपनों के साथ यह विश्वासघात बंद होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एक अखबार और समाचार चैनल की खबर को भी पोस्ट किया है, जिसमें पेपर लीक के संकट का विस्तृत विवरण दिया गया है।

### कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के महिला विरोधी विवादित बयान पर भड़की कांग्रेस

**लखनऊ।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महिलाओं को लेकर दिये गये विवादास्पद बयान के बाद लोगों के निशाने पर हैं और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी उन पर आज जमकर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा कि अनिरुद्धाचार्य का महिलाओं के प्रति दिया बयान बहुत ही निंदनीय है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय सेवक संघ को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस ऐसे लोगों का बचाव करती है, जो महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, क्योंकि भाजपा-आरएसएस महिलाओं का सम्मान नही करती, उन्हें महिलाओं का अपमान करने वाले पसंद हैं।

# संवैधानिक हक दिलाने में कांग्रेस विश्वासपात्र नहीं रही: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा ओबीसी वर्ग के हितों को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ओबीसी के हित व संवैधानिक हक दिलाने के मामले में कांग्रेस कभी विश्वासपात्र नही रही है। यह दिल मे कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है।

बसपा प्रमुख ने शनिवार को अपने सोशल एकाउंट पर एक्स करते हुए लिखा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उनका संवैधानिक हक दिलाने



के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है। यह कोई नई बात नहीं है। बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ जैसी स्वार्थ की राजनीति ज़्यादा लगती है। सुश्री मायावती ने कहा कि वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से है जैसा कि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी/एसटी समाज के प्रति रहा है। जिसके चलते इन वर्गों के लोगों को अपने आत्म- सम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी बनानी पड़ी है।

---

**सेंसेक्स** 82184.17
**निफ्टी** 25062.10

**सोना रु.** 98280
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 113400
प्रति किलो

# मुंबई में रोडशो के जरिये योगी सरकार ने दिखाई औद्योगिक ताकत

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश को निवेश और निर्यात के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुंबई में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का जोरदार रोडशो आयोजित किया गया।

देश की आर्थिक राजधानी में आयोजित इस आयोजन के माध्यम से टीम योगी ने महाराष्ट्र के व्यापार जगत, सोर्सिंग एजेंसियों और संस्थागत खरीदारों को न केवल आकर्षित किया, बल्कि उत्तर प्रदेश के साथ औद्योगिक साझेदारी को नया आयाम भी दिया। वालचंद हीरा. चंद हॉल में आयोजित इस रोडशो में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार और देश के प्रमुख उद्योग संगठनों के शीर्ष अधिकारी भी



शामिल हुए। इस अवसर पर राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस केवल एक व्यापार मेला नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की प्रतिभा और परंपरा का वैश्विक मंच है। ओडीओपी और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाएं प्रदेश के एमएसएमई और कारीगरों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रही हैं। आयुकत उद्योग वी. पांडियन ने बताया कि 25 से 29 सितंबर 2025 तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला यह मेला फूड प्रोसेसिंग, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और ओडीओपी उत्पादों समेत कई क्षेत्रों को जोड़ने वाला बड़ा सोर्सिंग प्लेटफॉर्म होगा। उन्होंने बताया कि विशेष बी2बी बैठकें, अंतरराष्ट्रीय खरीदार प्रतिनिधिमंडल और निर्यात क्लस्टर यूपी की औद्योगिक शकित को दर्शाएंगे। ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि भारतीय कारीगरों के उत्पादों का वैश्विक निर्यात देश की सामाजिक-आर्थिक तरक्की के लिए अत्यंत आवश्यक है। यूपीआईटीएस इसी दिशा में मजबूत कदम है। महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, बीएआई और इंडिया एक्सपो मार्ट के प्रतिनिधियों ने यूपी सरकार के इस दूरदर्शी प्रयास की सराहना की और राज्य के साथ मजबूत व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सीईओ सुदीप सरकार ने यूपीआईटीएस 2025 की विस्तारित विशेषताओं, ओडीओपी शोकेस, एमएसएमई पवेलियन, बी2बी ज़ोन और निर्यात क्लस्टर की जानकारी दी।

## सोने -चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव पिछले एक हफ्ते में खूब तेजी से उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। जहां पिछले एक हफ्ते में सोना 1 लाख पार हो गया था, इसी बीच आज सोना 710 रुपए सस्ता हुआ है। आज देश में सोन का दाम 98,280 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। बीते दिन यह 99,030 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं शनिवार को चांदी का भाव 113,400 रुपए प्रति 1 किलो रहा। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के सर्राफा में आज सोने के भाव में 750 रुपए की मंदी दिखी है, तो वहीं चांदी 2,250 रुपए सस्ती हुई है।

अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी गुणवत्ता से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडडर्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

# चावल, गेहूं नरम, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल महंगे

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल और गेहूं के भाव टूट गए। चीनी में तेजी रही। दालों में नरमी देखी गई। मूंगफली तेल को छोड़कर अन्य तेलों के दाम बढ़ गये। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 41 रुपये घटकर 3,795.97 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं भी तीन रुपये रुपये टूटकर 2,828.56 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा करीब छह रुपये सस्ता होकर 3,282.98 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। मूंगफली तेल की कीमत 149 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सरसों तेल में 142 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल में 43 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। वनस्पति करीब आठ रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 46



रुपये प्रति क्विंटल ऊपर रहा। पाम ऑयल में चार रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहनों में तेजी रही। दलहन बाजार में मसूर दाल में औसतन आठ रुपये की बढ़त दर्ज की गई रही। चना दाल भी 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में 12 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गयी। दाल मूंग नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं चीनी छह रुपये प्रति महंगी हुई। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रह: दाल-दलहन: दाल चना 7858.38, मसूर काली 8030.88, मूंग दाल 10137.40, उड़द दाल 10466. 24, अरहर दाल 10880.35 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2828.56 रुपये और चावल 3795.97 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4271.36 और गुड़ 4890.58 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17378.72 रुपये, मूंगफली तेल 17579.46 रुपये, सूरजमुखी तेल 15314.85 रुपये, सोया रिफाइंड 13798.52 रुपये, पाम ऑयल 12257.66 रुपये और वनस्पति तेल 14479. 35 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर...**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नहीं, बल्कि निवासी के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि दरियापुर कोर्ट यह सुनिश्चित अखंडता पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन विजय की कड़ी में दुश्मन को करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि हमने शांति को अवसर दिया, पर कायरता का उत्तर केवल पराक्रम से दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारा संकल्प है, संदेश भी और उत्तर भी। पहलगाम हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार भारत ने ठान लिया था कि अबकी बार निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशवा. सियों का अटूट विश्वास और सरकार द्वारा दी गई रणनीतिक स्वतंत्रता से भारतीय सेना ने एक सुनियोजित, सटीक और निर्णायक जवाब दिया। सेना प्रमुख ने कहा कि यह केवल जवाब नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे। जनरल द्विवेदी ने कहा कि 7 से 9 मई के बीच की पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाईयों का भारतीय सेना ने नपा-तुला और सटीक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणाली एक अजेय दीवार बनकर सामने खड़ी रही जिसे कोई ड्रोन या मिसाइल नहीं भेद सकी। यह सब संपूर्ण राष्ट्र के एक समान दृष्टिकोण के कारण संभव हो सका जहां सेना, वायु सेना, नौसेना और अन्य सरकारी विभाग मिलकर एक साथ खड़े रहे। इसमें सख्त संदेश दिया गया कि जो भी शक्तियां भारत की संप्रभुता, अखंडता या जनता को क्षति पहुंचाने की योजना बना रही हैं उन्हें करारा जवाब दिया गया है और आगे भी दिया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना तेजी से आधुनिक और भविष्य की शक्ति में बदल रही है इसके अंतर्गत 'रुद्र' के रूप में नई ब्रिगेड का गठन किया जा रहा है जिनमें इन्फेंट्री, मकैनाइज्ड इन्फैंट्री, बख्तरबंद यूनिट, तोपखाना, स्पेशल फोर्स और ड्रोन जैसी लड़ाकू इकाईयों का एकीकरण किया जा रहा है। इन्हें विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक और कॉम्बेट स्पोर्ट से मदद दी जाएगी।

**सरकार और....**

करेगा कि न्याय समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। सीजेआई गवई ने नए लॉ ग्रेजुएट्स को सलाह दी कि वे वकीलों से जुड़े पद और प्रतिष्ठा को अपने दिमाग पर हावी न होने दें। इस दौरान उन्होंने जूनियर वकीलों को सलाह दी कि वे अपना करियर बनाने से पहले प्रशिक्षुता हासिल करें। अगर कोई बिना किसी अनुभव के अदालतों में बहस करना चाहता है और छह महीने में मर्सिडीज या बीएमडब्ल्यू का मालिक बनना चाहता है, तो उसे अपने इरादे समझने की जरूरत है। सीजेआई बोले कि मैंने जूनियर वकीलों को अपने सीनियर को सीट देते हुए देखा है। इसी तरह, एक ऐसा मामला भी आया जब एक जूनियर वकील अदालत में बेहोश हो गया जब उसे जज ने बर्खास्त कर दिया। जज और वकील दोनों बराबर के भागीदार हैं। कुर्सी लोगों की सेवा के लिए होती है और इससे जुड़ी शक्ति को हावी नहीं होने देना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश अपने पिता आरएस गवई की 10वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। आरएस गवई केरल और बाद में बिहार के राज्यपाल भी रहे।

# 'घात के विरुद्ध प्रतिघात' भारत का नया नियम: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि भारत कभी भी विस्तारवाद की नीति पर नहीं चला है, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने घात करने वाले पर प्रतिघात का एक नया नियम जरूर बना दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'करगिल दिवस' के उपलक्ष्य में राजधानी मे आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश का कार्यभाल संभाला है, तबसे यह स्पष्ट हो गया है कि उधर से गोली चलेगी, तो इधर से गोला चलेगा। उन्होंने उरी, पुलवामा और पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों और उन पर पीएम मोदी की प्रतिक्रियाओं और भारत की कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विस्तारवादी नहीं है, घात करने वाले पर प्रतिघात अब नया नियम हो गया है। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध के कई शहीदों के परिजन, भूतपूर्व सैनिक, भाजपा के पदा. धिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नड्डा ने करगिल की लड़ाई में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए उस लड़ाई में प्राणोत्सर्ग करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उरी में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के हमले में 18 जवानों की मौत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, पाकिस्तान तुमने बड़ी गलती कर दी है। इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लखनऊ के शहीद स्मृति वाटिका में शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के महान वीर जवानों ने देश को ऐतिहासिक विजय दिलाई थी। आज उनको याद करने का दिन है।

पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। योगी ने कहा कि हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। आज का दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संसद मार्ग मस्जिद में अखिलेश की बैठक पर मुस्लिम धर्मगुरुओं में मतभेद

### धार्मिक स्थलों के राजनीतिक उपयोग पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संसद मार्ग स्थित मस्जिद में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक ने राजनीतिक और धार्मिक हलकों में नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस बैठक को लेकर मुस्लिम समाज के प्रमुख धर्मगुरुओं की प्रतिक्रियाएं न केवल विभाजित हैं, बल्कि एक–दूसरे से बिलकुल विपरीत भी हैं। मस्जिद में राजनीतिक उपस्थिति को लेकर जहां कुछ धर्मगुरुओं ने शरिया का हवाला देकर विरोध जताया है, वहीं कुछ ने इसे खुली सहभागिता और संवाद की प्रक्रिया बताया है। इस बैठक में समाजवादी पार्टी के कई सांसदों के साथ दिम्पल यादव भी मौजूद थीं। यह बैठक सांसद और मस्जिद के पूर्व इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के आमंत्रण पर आयोजित की गई थी। बैठक के फोटो सामने आने के बाद विरोध शुरू हुआ, जिसमें दिम्पल यादव की उपस्थिति और परिधान को लेकर भी टिप्पणियां की गईं। लखनऊ के वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना कलबे जव्वाद ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मस्जिदों को राजनीतिक गतिविधियों से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह परंपरा गलत मिसाल बन सकती है और मस्जिदों की धार्मिक गरिमा को ठेस पहुंचती है। उनका कहना है कि राजनीतिक व्यक्तियों की मस्जिद में बैठक धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है और इस प्रवृत्ति को तत्काल रोका जाना चाहिए। दूसरी ओर, लखनऊ के ही सुन्नी धर्मगुरु मौलाना सुफियान निज़ामी ने इस पूरे विवाद को गैरज़रूरी बताया।

उनका कहना है कि मस्जिद किसी की निजी संपत्ति नहीं है और कोई भी व्यक्ति, चाहे किसी भी पार्टी से जुड़ा हो, वहां आ सकता है। उन्होंने मस्जिद को संवाद और जागरूकता की जगह बताते हुए कहा कि यदि कोई राजनेता मस्जिद आकर धार्मिक या सामाजिक विषय पर चर्चा करता है, तो उसमें कोई आपत्ति की बात नहीं होनी चाहिए। वहीं बरेली के मौलाना शाहबुद्दीन रज़वी ने इस बैठक को शरीयत के खिलाफ बताया और दिम्पल यादव की उपस्थिति तथा परिधान पर आपत्ति जताई। उन्होंने यह भी मांग की कि मस्जिद के आयोजक मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी माफी मांगें और इमाम पद से इस्तीफा दें। उनका कहना है कि यदि धार्मिक स्थलों को राजनीति के लिए इस्तेमाल किया गया, तो मुस्लिम समाज सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेगा। जमीयत दावत–उल–मुस्लिमीन के क़ारी इशाक गोरा ने भी मस्जिद को केवल इबादत और धार्मिक शिक्षाओं का स्थान बताते हुए राजनीतिक गतिविधियों के लिए अनुपयुक्त बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल को सियासी मंच बनाना इस्लाम की मूल भावना के विपरीत है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बैठक को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिम्पल यादव की पोशाक मुस्लिम भावनाओं को आहत करती है और मस्जिद में इस प्रकार की मौजूदगी शरीयत का खुला उल्लंघन है। उन्होंने इसे चुनावी स्टंट बताया और आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। इन तमाम आरोपों और प्रतिक्रियाओं के बीच मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने सफाई देते हुए कहा कि यह बैठक पूरी तरह धार्मिक और आपसी संवाद के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, न कि किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत। उन्होंने कहा कि उन्होंने समाजवादी पार्टी के सांसदों को मस्जिद में केवल चाय पर आमंत्रित किया था और इसे राजनीतिक रंग देना अनुचित है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा को तब ही समस्या होती है जब विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के साथ संवाद स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और भाजपा केवल नफरत फैलाकर चुनाव लड़ती है। यह विवाद अब मस्जिदों के उपयोग, धार्मिक स्थलों की सीमाओं और सियासत के चरित्र को लेकर एक बड़ी बहस में तब्दील होता दिख रहा है। जहां एक ओर यह मुद्दा चुनावी राजनीति के संदर्भ में उभरा है, वहीं दूसरी ओर यह मुस्लिम समाज के भीतर धार्मिक नेतृत्व की भूमिका और एकमतता पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

# स्कूल बंद करेगी भाजपा तो खोली जाएंगी 'पीडीए पाठशालाएं': अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्कूलों के एकीकरण और बंद होने की खबरों के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने ऐलान किया है कि यदि भाजपा सरकार स्कूलों को बंद करती है, तो पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) के कार्यकर्ता हर जगह 'पीडीए पाठशालाएं' शुरू करेंगे। अखिलेश यादव ने शुक्रवार को एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि भाजपाई कान खोल के सुन लें और आंख खोल के देख लें कि हम 'शिक्षा का अधिकार' किसी को भी छीनने नहीं देंगे।

अगर अपने झूठे प्रचार पर खरबों रुपये खर्च करनेवाली भाजपा सरकार के पास स्कूल चलाने के पैसे नहीं हैं तो कोई बात नहीं, जहां–जहां भाजपा स्कूल बंद करेगी, वहां–वहां पीडीए के लोग 'पीडीए पाठशाला' खोल देंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए पूछा, ष्अब क्या 'पीडीए पाठशाला' पर भी शिक्षा विरोधी भाजपा सरकार बुलडोज़र चलवाएगी या शिक्षकों पर एफआईआर करवाएगी? पोस्ट के अंत में उन्होंने नारा दिया।

# फर्जी वेबसाइट बनाकर राज्यपाल के नाम पर ठगी, राजभवन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के नाम का दुरुपयोग कर एक फर्जी वेबसाइट तैयार किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। राजभवन को जब इस वेबसाइट की जानकारी हुई, तो गहन जांच कराई गई,

जिसमें यह वेबसाइट पूरी तरह फर्जी पाई गई। इस प्रकरण में राज्यपाल के अनुसचिव संजय दीक्षित द्वारा साइबर क्राइम थाना, लखनऊ में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वेबसाइट पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल को श्एग्जीक्यूटिव मेंबरश बताया गया है, जो न केवल असत्य है बल्कि राजकीय गरिमा के साथ गंभीर छल भी है। यह वेबसाइट युवाओं को खेल से जुड़ी योजनाओं के नाम पर गुमराह कर रही थी और आर्थिक लाभ की उम्मीद दिखाकर कथित तौर पर उनसे ठगी कर रही थी। जब राजभवन को इस वेबसाइट की जानकारी हुई, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और इसकी सच्चाई जानने के लिए भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) से फैक्ट चेक करवाया। जांच में यह वेबसाइट पूर्णतः फर्जी निकली। इसके तुरंत बाद राज्यपाल के अनुसचिव ने साइबर क्राइम थाने में विधिवत शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और वेबसाइट से जुड़ी तकनीकी जानकारी जुटाकर पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक सूचनाओं से संकेत मिल रहे हैं कि इसके पीछे कोई सुनियोजित ठगी रैकेट हो सकता है, जो उच्च पदस्थ लोगों के नाम का दुरुपयोग कर युवाओं को लुभाने और धोखा देने में लगा था। साइबर क्राइम टीम अब वेबसाइट के सर्वर, डोमेन रजिस्ट्रेशन और इससे जुड़े अन्य तकनीकी पहलुओं की तहकीकात कर रही है, ताकि दोषियों की पहचान कर उन्हें कानून के दायरे में लाया जा सके।

# यूपीएससी परीक्षा केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** यूपीएससी की आरओ, एआरओ की परीक्षा रविवार को आयोजित होनी है जिसके लिए पुलिस और शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं। इस परीक्षा के लिए कस्बे के नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा केंद्र पर लगभग 600 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा एकल शिफ्ट में 9:30 से 12:30 तक होनी है। जिसके लिए शनिवार को एसडीएम विश्वामित्र सिंह, सीओ डा यूपी सिंह और थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने परीक्षा केंद्र पर पंहुच कर तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने बताया कि तीन स्तरीय कड़ी जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्रों पर प्रवेश दिया जाएगा।

# 'पलायन से नहीं, पराक्रम से मिलती है विजय'

## लखनऊ में योगी का संदेश, कारगिल से पुलवामा तक भारत की जवाबी शक्ति का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल भारत की सैन्य शक्ति का स्मरण कराया, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक संदर्भों में भी पलायन और पलटवार के अंतर को रेखांकित किया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो पलायन करता है, उसे सफलता नहीं मिलती। जो संघर्ष करता है, वही इतिहास रचता है। मुख्यमंत्री ने पुलवामा हमले की घटना को याद करते हुए कहा कि जब देश ने अपने 22 निर्दोष नागरिक खोए, तो भारतीय सेना ने केवल बाईस मिनटमें पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया, जिसे वह आज तक नहीं भूल पाया। योगी के अनुसार, यह हमला केवल जवाब नहीं था, बल्कि भारत की बदलती नीति और सटीक प्रतिशोध की मिसाल भी था।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतें आज भी सक्रिय हैं ख्र चाहे वह जातिवादी राजनीति हो, परिवारवाद की संकीर्ण सोच हो या वोट बैंक के लिए देश की एकता को दांव पर लगाने वाले लोग। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब भारत 'दहशत में नहीं, ख्रढ़ निश्चय में' विश्वास करता है, और यह बदलाव कारगिल के बाद से और अधिक निर्णायक होता गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अग्निवीरों को सेवानिवृत्ति के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, ताकि उनकी सेवा राष्ट्र की सुरक्षा से समाज की सुरक्षा तक निरंतर बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहीद जवानों के परिजनों को पचास लाख रुपये की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की व्यवस्था पहले से ही प्रदेश सरकार कर रही है, जो आगे और सुख्रढ़ की जाएगी। योगी ने कहा कि हर गांव, हर नगर, हर गली को उन वीरों के नाम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। यह न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा भी है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो समाज पलायन करता है, वह भविष्य से हार जाता है। जो अपने अधिकारों के लिए डटकर खड़ा होता है, वही गौरव के योग्य होता है। कारगिल और पुलवामा जैसे क्षणों ने यही सिखाया है कि भारत अब 'शांति की प्रतीक्षा' नहीं करता, वह अन्याय के विरुद्ध तत्काल निर्णायक कार्रवाई करता है। इस अवसर पर उन्होंने देशभक्ति, राष्ट्र गौरव और सैन्य बलिदानों की स्मृति को जीवित रखने के लिए हर जिले में युद्ध स्मारक स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की। कारगिल विजय दिवस के बहाने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ सैनिकों की बहादुरी को नमन किया, बल्कि देश की नई पीढ़ी को यह संदेश दिया।

# सौ एकड़ में निर्मित चंडीगढ यूनिवर्सिटी का हुआ शुभारंभ

## आधुनिक भारत की नींव रखेगी एआई यूनिवर्सिटीः मुख्यमंत्री योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद को शनिवार को एक ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का गौरव प्राप्त हुआ, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां देश की पहली निजी एआई–ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया।

यह यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा स्थापित की गई है और इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बहुविषयी ज्ञान, तकनीकी दक्षता और युवा सशक्तिकरण के लिए एक नवाचारपरक मंच तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर को आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह संस्थान उत्तर प्रदेश को न केवल राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने उन्नाव की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को स्मरण करते हुए कहा कि यह जनपद हमेशा से प्रतिभा की भूमि रहा है, जिसने देश को स्वतंत्रता संग्राम के नायकों और साहित्य जगत के मनीषियों की अमूल्य धरोहर दी है। अब यह भूमि तकनीकी क्रांति की नई उड़ान भरने जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज उन्नाव चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के इस अत्याधुनिक परिसर के माध्यम से शिक्षा, नवाचार और औद्योगिक विकास के त्रिकोण की नई पहचान बन रहा है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक प्रदेश में 60 लाख से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब अकादमिक संस्थानों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें छात्रों के करियर मार्गदर्शन और जीवन निर्माण के मंच के रूप में कार्य करना होगा। संस्थानों को ऐसी संरचना विकसित करनी चाहिए जहां छात्र न केवल शिक्षित हों, बल्कि उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप दक्ष और आत्मनिर्भर बन सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां अनुशासन टूटता है, वहां दुशासन प्रवेश करता है और दुशासन महाभारत का कारण बनता है। इसलिए छात्रों को जीवन में अनुशासन और मूल्यों को अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्षों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राज्य में अब तक 23 नए निजी विश्वविद्यालय और 6 नए राज्य विश्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश को देश का पहला आयुष विश्वविद्यालय, पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी तथा मेरठ में निर्माणाधीन पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी भी मिली है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि लखनऊ में एआई सिटी प्रोजेक्ट की स्थापना की जा रही है।

# सीतापुर में शातिर ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पिसावां थाना पुलिस ने शातिर ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की 6 मोटरसाइकिल बरामद की है।

इन मोटरसाइकिलों को अलग– अलग स्थान से चोरी किया गया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

पिसावां थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम गुरसन्डा के निकट टांडा जाने वाले मार्ग पर नाकेबंदी की और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम फर्दापुर निवासी श्रवण कुमार पुत्र रामविलास को गिरफ्तार किया। पुलिस



का कहना है कि श्रवण कुमार शातिर ऑटो लिफ्टर है। पुलिस ने उसके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 6 मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि उसने यह गाडियां अपने साथियों के साथ मिलकर लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र व सीतापुर से चोरी करने के बाद छिपाकर रखा था । एक – एक कर उन्हे बेचने के फिराक में था। यदि वह पकड़ा न जाता तो एक या दो दिन में सस्ते दामों पर इन वाहनों को किसी के हाथ या तो बेच देता, या फिर गिरवी रख देता।

# जच्चा बच्चा को फर्श पर लिटाने के मामले में नर्सो पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** ज़मीन पर लेटे हुए जच्चा–बच्चा की वायरल वीडियों को संज्ञान लेते हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्टाफ नर्सो के विरुद्ध कार्रवाई की है। यह कार्रवाई डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश के उपरांत हुई है। यहां बता दें कि सीएचसी हरगांव में नवजात शिशु एवं मां के फर्श पर लेटने के वीडियो व फोटो वायरल हुआ था।

इस मामले को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया। बृहस्पतिवार को उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएमओ सीतापुर को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बताते चलें कि एक प्रसूता ने 21 जुलाई को नवजात शिशु को जन्म दिया था। 22 जुलाई को वह अपने बच्चे के साथ वार्ड के बाहर फर्श पर लेटी थी। इसका फोटो वायरल हो रहा था।

उसी फोटो का संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश सीएमओ को दिया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ संजय गौड़ का कहना है कि प्रथम ख्रष्टया स्टाफ नर्स की लापरवाही है। इधर सीएमओ सीतापुर द्वारा 2 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया। जांच कमेटी की संस्तुति एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर दोषी पायी गयी स्टाफ नर्सो के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निलंबन की संस्तुति करते हुए दोषी कार्मिकों का स्थानान्तरण एवं वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश कर दिए गये है। साथ ही जनपद के समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश निर्गत कर दिए गये है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ती किसी भी दशा में न हो। जिससे की विभाग की छवि धूमिल न हो तथा आम जनमानस को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवायें शासन की मंशानुसार प्राप्त हो सकें।

# डीएम और एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा–2023 दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर, आरएमपी इंटर कालेज सीतापुर, आरएमपी पीजी कालेज, दिल्ली पब्लिक स्कूल , लखनऊ पब्लिक स्कूल , राजा बहादुर डा सूर्य बख्श इंटर कालेज कमलापुर, गांधी विद्यालय इंटर कालेज सिधौली का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा सकुशल,



शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र व्यवस्थापक आयोग द्वारा दिए गये निर्देशों का भलीभांति पालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मानकों के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी व्यवस्थाओं का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि परीक्षा के दिन सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी व अन्य कार्मिक समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, क्लॉक रूम की व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश के समय गहन जांच की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, कक्ष निरीक्षकों के प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाएं आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा की। साथ ही संबंधित स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट से व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में फीडबैक भी लिया।घजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की सुचिता को पूरी तरह सुनिश्चित किया जाए तथा सभी प्रक्रियाओं में लोक सेवा आयोग के निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन किया जाए। अभ्यर्थियों के प्रवेश के दौरान गहनतापूर्वक जांच अवश्य कराई जाए। क्लॉक रूम का भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि सभी केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सभी परीक्षा केन्द्रों पर नियमानुसार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहें एवं इनकी अनवरत मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों में सभी तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों का परिचय पत्र अवश्य जारी किया।

# खत्री महिला सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** खत्री सभा की एक बैठक जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में हुई। खत्री सभा के संरक्षक श्री जयकार नाथ कपूर जी, डॉ आरके टंडन जी,डॉ प्रमोद धवन जी, श्री सुधीर मेहरोत्रा जी, श्री गोपाल टंडन जी के मार्गदर्शन मे एवं महिला खत्री सभा अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मेहरोत्रा जी ने खत्री सभा जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा से विचार विमर्श करके खत्री सभा महिला जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारी की घोषणा की है। महिला खत्री सभा के संरक्षक पद पर खत्री नीलम धवन, खत्री निधि खन्ना , पूजा मेहरोत्रा, पूनम मेहरोत्रा



को मनोनीत किया। सास्ख्रतिक मंत्री पद पर शुभा मेहरोत्रा, ख्रति टण्डन, पारुल मेहरोत्रा, रीतु टण्डन, रूचि कपूर को मनोनीत किया है। प्रचार–प्रसार मंत्री दीपाली खन्ना, अंजली धवन,रीना धवन, पूजा मेहरोत्रा, कविता धवन को मनोनीत किया है। उक्त मनोनयन पर संरक्षक खत्री श्री सुधीर मेहरोत्रा, खत्री श्री गोपाल टंडन, महिला मोर्चा अध्यक्ष खत्री श्रीमती निर्मला मेहरोत्रा, जिला महामंत्री श्रीमती रेनू मेहरोत्रा, श्री जितेन्द्र मेहरोत्रा, श्री सौरभ मेहरोत्रा जिला उपाध्यक्ष खत्री सचिन मेहरोत्रा, खत्री श्रीमती मीनू कपूर, खत्री श्री मनोज कपूर, खत्री श्री नितिन मेहरोत्रा, खत्री श्री मनोज सेठ, खत्री विशाल टंडन, विधिक प्रकोष्ठ खत्री मनमोहन टंडन,नितिन मेहरोत्रा, अलोक टंडन,जिला मंत्री खत्री श्रीमती आरती मेहरोत्रा, खत्री श्रीमती रति सहगल, खत्री श्री नितिन मेहरोत्रा, राजीव टंडन, करन मगन,खत्री श्री अमर मेहरोत्रा, खत्री श्री वैभव मेहरोत्रा, खत्री श्रीमती शोभना मेहरोत्रा, खत्री श्री प्रभात महेंद्र,खत्री श्रीमती शैली महेंद्र, खत्री श्रीमती शिल्पी टंडन, खत्री श्रीमती नेहा महेंद्र, खत्री श्रीमती लीना पुरी, खत्री श्री राम मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष खत्री श्री के सी कपूर, व्यवस्थापक मंत्री खत्री श्री आशु कपूर, व्यवस्थापक धर्मशाला खत्री श्री प्रदीप धवन, खत्री श्री कमल किशोर मेहरोत्रा आदि खत्री समाज के जनो ने हर्ष वकूत किया

# अनिरुद्धाचार्य के विवादित बयान पर महिला आयोग का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** वृंदावन के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान ने अब तूल पकड़ लिया है। उनके कथनों को लेकर जहां सोशल मीडिया पर भारी नाराजगी देखी जा रही है, वहीं अब इस पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। बबीता चौहान ने अनिरुद्धाचार्य के वक्तव्य को महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला और समाज में गलत संदेश देने वाला करार देते हुए कहा है कि हउन्होंने गंदी और घटिया भाषा का प्रयोग किया है, जो अस्वीकार्य है।ह उन्होंने कहा कि यह बयान दर्शाता है कि या तो उनमें बुद्धि नहीं है, या फिर उन्हें कम समय में मिली प्रसिद्धि ने उनका विवेक हर लिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि।

महिला आयोग अध्यक्ष ने कहा कि अनिरुद्धाचार्य द्वारा लड़कियों पर की गई अशोभनीय टिप्पणी यह दर्शाती है कि महिलाओं को आज भी किस तरह के संकीर्ण मानसिकता का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए इससे ज्यादा घटिया शब्दों का चयन नहीं हो सकता था। यह क्षमा योग्य अपराध नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि इस बयान का संज्ञान लेते हुए अनिरुद्धाचार्य पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि हमाफी मांगने से काम नहीं चलेगा, यह मामला केवल क्षमा का नहीं, महिला अस्मिता का है। ज्ञात हो कि कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में लड़कियों को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिन्हें लेकर व्यापक विरोध हो रहा है। उनके बयान में उन्होंने आज की लड़कियों की तुलना अर्धनग्नता और बेहूदी फैशन से करते हुए अत्यंत अश्लील भाषा का प्रयोग किया था।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ–226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522–4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ऋतुराज का अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर जलवा

## हुरून रिपोर्ट में शामिल हुआ नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कहते हैं कि अगर सपनों को हौसलों के पंख मिल जाएं तो गांव की गलियों से निकलकर भी युवा दुनिया की सबसे ऊंची बुलंदियों तक पहुंच सकते हैं। अमरोहा जनपद की तहसील धनौरा के छोटे से गांव आरकपुर निवासी ऋतुराज सिंह ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। महज 30 वर्ष की उम्र में उन्होंने जो मुकाम हासिल किया है, वह न सिर्फ उनके गांव और परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश के लिए प्रेरणा है। हाल ही में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह हुरुन इंटरनेशनल और एवेंडस वेल्थ द्वारा जारी रिपोर्ट में ऋतुराज सिंह को भारत के टॉप 30 अंडर 30 युवा उद्यमियों की सूची में शामिल किया गया है। यह सूची उन 79 होनहार युवाओं को समर्पित है जिन्होंने पहली पीढ़ी के कारोबारी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश से केवल छह युवा इस सूची में शामिल हुए हैं, जिनमें ऋतुराज का नाम भी प्रमुखता से लिया गया है। ऋतुराज सिंह का जन्म और पालन–पोषण एक शिक्षित और सुसंस्कारित परिवार में हुआ। उनके दादा और पिता योगेंद्र सिंह दोनों ही बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक रहे हैं। ऋतुराज ने प्रारंभिक शिक्षा के बाद इंटरमीडिएट दिल्ली के एमएम पब्लिक स्कूल कोहाट एनक्लेव से उत्तीर्ण की, जहां उन्होंने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने शैक्षणिक कौशल का लोहा मनवाया। इसके बाद उन्होंने इंजीनियर बनने का सपना संजोया और कड़ी मेहनत के बल पर प्रतिष्ठित जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी रुड़की में दाखिला लिया। यहां भी उनका प्रदर्शन अव्वल रहा और उन्होंने पूरे संस्थान में टॉप कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जो उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के करकमलों से मिला।



2019 में ऋतुराज सिंह को गोल्ड मेडल देते राष्ट्रपति रामनाथ सिंह कोविंद। फाइल फोटो

# समाज के गरीब लोगों को संगठित करना उद्देश्य

## अग्रवाल सभा का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अग्रवाल सभा पंजीकृत की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही भव्य रूप से आयोजित किया गया। सभा के संयोजक गिरीश कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने अग्रसेन भवन के लिए 11 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की है।

शुक्रवार की देर रात्रि नगर के बाईपास मार्ग स्थित मैथिली गार्डन के सभागार में अग्रवाल सभा पंजीकृत का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित एवं आरती करके किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं नवनियुक्त पदाधिकारी का फूल माला एवं पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। इसके बाद अग्रवाल सभा हसनपुर पंजीकृत,महिला अग्रवाल सभा एवं युवा अग्रवाल सभा के पदाधिकारी को मुख्य अतिथि के द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभा के संयोजक गिरीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभा के गठन का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब एवं शोषित लोगों को संगठित करना है। उन्होंने कहा कि नगर में महाराजा अग्रसेन भवन की कोई भी स्थापना करता है। तो वह अपने 11 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग अपने पास से देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल द्वारा की गई तथा संचालन संयोजक गिरीश कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर आदेश अग्रवाल, संजय गर्ग, विवेक अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विमल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, हनी अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



# अफसरों की सख्ती से थर्राए अधिकारी

## फरियादियों को मिला भरोसे का जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना परिसर शुक्रवार को प्रशासनिक कार्रवाई की दृढ़ता और जनसुनवाई की गंभीरता का साक्षी बना। थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने फरियादियों की समस्याओं को न केवल गहरी संवे. दनशीलता से सुना, बल्कि मौके पर ही कई मामलों का समाधान कर जिम्मेदार अफसरों को फटकार लगाई। जनता के बीच बैठे अफसरों की सख्त निगाहें और पैनी पूछताछ से थाना परिसर एक अस्थायी न्यायालय जैसा नजर आया। फरियादियों ने खुलकर अपनी पीड़ा रखी, जिसमें भूमि विवाद, घरेलू हिंसा, पुलिस कार्यशैली और आपसी झगड़ों से जुड़े कई प्रकरण सामने आए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी पूरे समय मौजूद रहे और उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर तुरंत अमल शुरू कराया।

# तीज के अवसर पर छात्राओं ने रचाई मेहंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री नारायण स्मारक इण्टर कॉलेज में हरियाली तीज के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मेहंदी के साथ साथ सामुहिक नृत्य के कार्यक्रम ने भी सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**उत्साह**

- **सामुहिक नृत्य ने भी मन मोहा, नारायण स्कूल में हुआ कार्यक्रम**

मेंहदी प्रतियोगित में छात्रा मनीषा, संगिका नागपाल, जिया, काजल, आराध्या, फिजा, विनिता, राव्या, नैनसी, तनिका, प्रिया, दीपा ने भाग लिया। इसके बाद डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आही श्रीवास्तव, शिवानी ने भाग लिया। बोर्ड डेकोरेशन में आयुषी, अशिका चौहान, अंशिका पाल, दिव्यांशी, रिया मैनी, नवीहा,अ प्रिया आदि ने शानदार प्रदर्शन किया। सभी कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह ने तीज का महत्तव बताया, कहा कि इस पर्व का पौराणिक महत्तव भी है। इस अवसर पर प्रबन्धिका दीपा सिरोही, संस्थापक व प्रखर वक्ता अनिल सिरोही, स्वाति, अर्चना, संतोष कौर, बबली, रचना, सोनाली, प्रवेश, राजवती आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** घटना कोतवाली डिडौली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर की है । बाइक सवार डिडौली थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा राजपूत निवासी बृजेश पुत्र सतीश बाइक पर सवार होकर जोया से अपने घर जा रहा था जैसे ही बाइक सवार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के डिडौली कैलसा मार्ग के सामने पहुंचा तो जोया दिशा से आ रही अज्ञात कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां पर इलाज जारी है।

### फेयरवैल पार्टी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हाशमी लॉ कॉलेज में एल.एल.बी. एवं बी.ए. एल.एल.बी. की शानदार फेयरवेल पार्टी आयोजित की गयी। जिसमें छात्रों ने गीत, संगीत और शायरी से दी भावभीनी विदाई। महाविद्यालय प्रांगण में रहा जश्न का माहौल हाशमी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर्स को गिफ्ट्स एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। शायरी, गीत–संगीत और डांस की प्रस्तुति से माहौल बेहद संगीतमय और भावनात्मक हो गया। कॉलेज चेयरमैन डॉ. बुरहानउद्दीन हाशमी व प्राचार्या डा. राना परवीन ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके करियर निर्माण में सफलता की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर परिजनों को भी सम्मानित किया। इस भावुक अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और शहीद अमर रहें के नारे लगाए। हर किसी की आंखों में वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और गर्व था, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। जिनकी वीरता और बलिदान की वजह से आज हम सुरक्षित हैं।इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम मेंहदी पुर में शहीद ग्रीस चंद नागर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और शहीद की माता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कल्यान सिंह सैनी मंडल अध्यक्ष उझारी, कृष्ण कुमार शर्मा विधान सभा सहप्रभारी विधान सभा हसनपुर, दुष्यंत सिंहसह प्रभारी नौगांवा विधान सभा , देवकी नंदन पाल डायरेक्टर चीनी मिल, वीर सिंह सैनी, अवनीश शर्मा,भानुप्रताप, विजय चौधरी, शेरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हरियाली तीज के उपलक्ष्य में 'विक्टरी वाईब्स संस्था' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम मची रही। इस दौरान महिलाओं ने हरियाली तीज के गीतों पर सामुहिक नृत्य करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

शनिवार की शाम नगर स्थित एक वेंक्ट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। हरे रंग की वेशवूषा में सम्मिलित हुई महिलाओं ने तीज के गीतों पर साम. ुहिक व एकल नृत्य किया, तो वहीं पारंपरिक रूप से झूले का भी आनंद लिया। गेम्स शो के साथ साथ महिलाओं ने रैंप पर भी कैटवाक किया। शाम चार बजे से प्रारंभ हुआ यह कार्यक्रम आठ बजे समाप्त हुआ। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को तीज की बधाई दी। इस मौके पर संध्या अग्रवाल, एकता रस्तौगी, नीतू भाटी, मंजू सिंह, जूही, नूतन राणा, ज्योति अग्रवाल, निशा चाहल, अर्पणा अग्रवाल, मीनाक्षी कक्कड़, रितिका अग्रवाल आदि मौजूद रहीं। जबकि कार्यक्रम का संचालन अंजना बालियान ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका लीना प्रभाकर ने निभाई।



# डीसीएम चालक व डीजे संचालकों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आ रहे डीसीएम कैंटर में ऊंचाई पर बंधे डीजे कॉलम रेलवे के हाइटगेज से टकराकर नीचे बैठे युवक के ऊपर गिर गए थे, हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। हल्का चौकी इंचार्ज नितेन्द्र वशिष्ठ की जांच में डीसीएम चालक व डीजे संचालित करने वाले दो सगे भाईयों की लाप. रवाही से होने का मामला प्रकाश में आया है। नितेन्द्र वशिष्ठ की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

23 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे हुई इस हादसे की मामले की गहनता से जांच की तो प्रकाश में आया कि डीसीएम चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाया तो

- **डीजे के कॉलम सिर पर गिरने से हुई थी युवक की मौत**

वहीं डीजे संचालक विनोद कुमार व देवेन्द्र कुमार पुत्रगण मानकचंद निवासीगण ग्राम चक लठीरा थाना गढ़मुक्तेश्वर ने डीसीएम में काफी ऊंचाई पर डीजे के कालम आदि बांध दिए थे, जो ओसीता के अंडरपास से निकलते वक्त रेलवे के हाइटगेज से टकराकर नीचे गिर गए थे। डीजे के कॉलम नीचे बैठे युवक हरिओम पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम गडावली थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के ऊपर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उपनिरीक्षक नितेन्द्र वशिष्ठ ने शनिवार की शाम को पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर डीसीएम चालक शिवम निवासी मौहल्ला बड़ा थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ व डीजे संचालक विनोद कुमार व देवेन्द्र कुमार पुत्रगण मानकचंद निवास. ीगण ग्राम चक लठीरा थाना गढ़मुक्तेश्वर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छात्र परिषद के सदस्यों को कर्तव्यों का पढ़ाया पाठ




## डीएम ने दिलायी शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी ने छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाते हुए उन्हें कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करने का पाठ पढ़ाया।

शनिवार जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा सरस्वती मॉ की प्रतिभा पर पुष्पार्पण किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई कि वे अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे। नवचयनित छात्रों ने भी अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त करते हुए अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का आश्वा. सन दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में छात्रों में जिम्मेदारी और गर्व की भावना जगाई और उन्हें जीवन में लक्ष्य, मूल्य और कृतज्ञता रखने, बड़े सपने देखने, असफलताओं से न घबराने के उदाहरण प्रस्तुत करने और विद्यालय समुदाय में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से कहा कि हमे अपने जीवन मे ऐसे लक्ष्य साधने चाहिये कि जब तक वो पूरे न हो हमें नींद न आये। हमे असफलताओं से घबराना नहीं चाहिये। और न हीं निराश होना चाहिये। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक श्री अजय टंडन, प्रबन्धिका श्रीमती अंजलि टंडन, अध्यक्ष सुश्री अदिती टंडन ने जिलाधिकारी को उनके बहुमूल्य समय मे से विद्यालय के लिए समय निकालने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया एवं उपस्थित छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अपने दायित्व का निर्वाह करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम प्रधानाचार्या डा. शिक्षा सरदाना मौजूद रहे।

## महिला ने एसपी से लगायी सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** महिला ने पूर्व प्रधान पर गाली गलौज कर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव चचौरा निवासी श्रीमती रूपवती पत्नी छत्रपाल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर कहा है कि गांव का पूर्व प्रधान दबंग है। 4 जुलाई को पूर्व प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। पूर्व प्रधान से न्यायालय में भी मुकदमा चल रहा है। महिला का कहना है की मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी पुत्रवधू के साथ अश्लील हरकतें भी की थी। महिला ने पूरे मामले की जांच कर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# कांग्रेसियों ने निकाला कैंडिल मार्च

## कारगिल की शहीदों को दी श्रद्धाजंलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अमरोहा के पदाधिकारियों द्वारा नगर पंचायत सैदनगली में संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने कैंडल जलाकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि लगभग 60 दिनों तक चले इस युद्ध का अंत 26 जुलाई 1999 को हुआ था। जिसमे 527 भारतीय सैनिको ने अपने जीवन का बलिदान दिया। लगभग 1000 सैनिक घायल हुए थे। यह युद्ध भारत के सैन्य इतिहास की महत्वपूर्ण घटना है जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण पारिस्थित्यों, कठिन भूभाग, कठोर मौसम और सीमित संसाधनों के बीच लड़ा गया था। हमे अपने वीर सैनिको पर गर्व है। जिन्होंने देश की सीमाओ की रक्षा के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दे दी। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देने वाले माँ भारती के वीर सपूतों का बलिदान युगों–युगों तक पीढ़ियों तक प्रेरणाशक्ति देता रहेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, अफसर अली सैफी, मनोज कटारिया, राजपाल सैनी, मास्टर धर्मपाल सिंह, हर स्वरूप प्रधान जी, मांगेराम कटारिया, दीपक गौतम, मकसूद अंसारी सोनू पाल दीपक चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# दिवंगत पुत्रवधु की जगह अब सास मैदान में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 16 में होने वाले सभासद पद के उपचुनाव ने राजनीतिक गलियारों में नई हलचल पैदा कर दी है। इस सीट पर भाजपा ने भावनात्मक और रणनीतिक रूप से मजबूत दांव खेलते हुए दिवंगत सभासद की सास दयावती को प्रत्याशी बनाया है। शनिवार को भाजपा समर्थित प्रत्याशी दयावती ने पूरे उत्साह के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, भाजपा नगराध्यक्ष गौरव अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह सीट पूर्व सभासद राजबाला सैनी के असमय निधन के कारण रिक्त हुई थी। राजबाला सैनी, दयावती की पुत्रवधु थीं और वार्ड की लोकप्रिय सभासद थीं। अब उन्हीं की विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दयावती को मैदान में उतारा गया है। नामांकन के समय भावनात्मक माहौल भी देखने को मिला, क्योंकि कई कार्यकर्ताओं की आंखें पूर्व सभासद की याद में नम हो गई। नामांकन के बाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा की जिम्मेदारी का चुनाव है। उन्होंने कहा हमारी प्रत्याशी दयावती न केवल राजबाला सैनी की सास हैं, बल्कि परिवार में जनसेवा की परंपरा को आगे ले जाने वाली मजबूत चेहरा हैं। वार्ड 16 की जनता के साथ उनका गहरा जुड़ाव है और हमें पूरा विश्वास है कि वह जनता की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। फिलहाल, भाजपा ने वार्ड 16 में अपनी रणनीति को मजबूती से जमीन पर उतार दिया है। इस दौरान प्रवीण अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, पूर्व सभासद देशराज सैनी, विवेक सिंह, अशोक यादव, मयंक अग्रवाल, प्रशांत त्यागी, सौरभ सैनी मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुनील सैनी, राजेंद्र सैनी, अशोक सैनी, कपिल कुमार, चंद्रवीर सैनी, सुरेश सैनी, चमन सैनी, नितिन, मोहित, मुकेश, राहुल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

# धर्म के नाम पर नफरत की राजनीति कर रही भाजपा

## सपा ने मनाया आरक्षण एवं संविधान मान स्तम्भ दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पूर्व मंत्री नवाब इकबाल महमूद ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि वंचित वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिले। लेकिन भाजपा सरकार उनका आरक्षण को खत्म करना चाही है।

पार्टी कार्यालय पर सपा की ओर से आरक्षण दिवस एवं संविधान मान सत्म्भ स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें बोलते सम्भल के विधायक मा. नवाब इकबाल साहब ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि हजारों वर्षो से वंचित वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिले। लेकिन वर्तमान सरकार निजीकरण के माध्यम से आरक्षण को खत्म करने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ेगी। नौगांवा विधायक विधायक चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने पिछड़ों के उत्थान के लिए विशेष अवसर की मांग की थी। संविधान और आरक्षण को लेकर खतरा अभी टला नहीं है। जब तक लोकतंत्र बचेगा, समाजवादी संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व मंत्री जगराम सिंह ने भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि समाजवादियों ने सदैव दलितों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि आज प्रभु श्रीराम का नाम लेकर सत्ता में आई भाजपा धर्म के नाम पर नफरत फैलाने की राजनीति कर रही है, जिसका जवाब देश की जनता मोहब्बत और भाईचारे से दे रही है।

कार्यक्रम में संविधान मान स्तंभ की स्थापना कर बाबा साहब अंबेडकर, राजर्षि शाहूजी महाराज, और महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, चंद्रपाल सैनी, सन्तराम सिंह यादव, फारुख प्रधान, सलमान प्रधान, अरशद अली, सकील चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, शिवनाथ सिंह प्रजापति, नवनीत गोला, मुमताज खां, इश्तियाक मालिक, आलोक भारती, श्रीमती नूरसबा, श्रीमती लता सागर, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह, अलाउद्दीन सैफी, चौधरी जयपाल सिंह, मा. शिवराज सिंह, यशवीर नागर, महमूद अली, जिताम्बर यादव, मलखान सिंह यादव, मसूर अहमद, सरवेंद्र आदि मौजूद रहे। ।



## देवर ने भाभी से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** ट्रांसफार्मर सही कराने के नाम पर देवर ने भाभी से पैसों की मांग की। नहीं देने पर उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की। भाभी ने रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दीं। घटना कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव मुढाईम्मा की है। मुढाईम्मा निवासी रुखसार पत्नी नासिर अपने घर पर थी । तभी रात्रि में देवर जीशान घर पर आया और कहने लगा की मोहल्ले का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। उसको ठीक करने के लिए पैसे दो रूखसार ने पैसे देने से मना किया तो देवर जीशान गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना किया तो जीशान में अपनी भाभी रुखसार के साथ मारपीट की। भाई नासिर ने डायल 112 को सूचना दी तो वह पुलिस को आते देख जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। रूखसार अपने पति के साथ थाने आई और अपने देवर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

# पीएम मोदी की बढ़ती लोकप्रियता हर देशवासी के लिए गर्व का विषय: ब्रजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का उच्चतम स्तर पर होना हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है।

श्री पाठक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का उच्चतम श्रेणी पर होना न केवल देशवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति और क्षमता की ठोस पहचान भी बन चुकी है।

श्री पाठक ने कहा कि, वैश्विक पटल पर प्रधानमंत्री की इस अद्वितीय लोकप्रियता का श्रेय उनके सशक्त और उत्कृष्ट नेतृत्व को जाता है, जो दूरदर्शिता के साथ साथ उनकी नीतियों और विचारों में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा



कि पीएम की यह लोकप्रियता सि(द्ध करती है कि उनका नेतृत्व न केवल भारत को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थापित कर रहा है।

आदरणीय पधानमंत्री के निर्णयों और नीतियों का प्रभाव अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। गौरतलब है कि पधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। बिजनेस इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट की तरफ से जारी ताजा लिस्ट में पीएम मोदी 75 फीसदी लोगों की अप्रूवल रेटिंग के साथ सबसे टॉप में बरकरार हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक पोस्ट शेयर करते यह जानक. ारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को न केवल भारत में एक अरब से ज्यादा लोगों का प्यार है, बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोग उनका सम्मान करते हैं।

## 82 परीक्षा केंद्रों पर एआई की निगरानी में होगी आरओ परीक्षा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में समीक्षा अधिकारी(आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी(एआरओ) की परीक्षा 82 केंद्रों पर 39888 अभ्यर्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में देंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी (नगर) आलोक वर्मा ने बताया कि वाराणसी में रविवार को होने वाली परीक्षा के लिए सभी 82 केंद्रों पर 82 सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सशस्त्र पुलिसकर्मियों के साथ-साथ महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर विशेष नजर रखा जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।

# निजीकरण का विफल प्रयोग गरीब जनता पर न थोपे सरकार: शैलेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा है कि देश के अन्य हिस्सों में विफल हो चुके निजीकरण के प्रयोग को प्रदेश की गरीब जनता पर न थोपा जाए। श्री दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बिजली कर्मचारियों ने रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति की है और लाइन हानियां में कमी कर उसे राष्ट्रीय मानक के नीचे कर दिया है।

महाकुंभ के दौरान बिजली कर्मियों ने अथक परिश्रम कर 65 दिनों तक चले महाकुंभ में पल मात्र के लिए भी विद्युत आपूर्ति में व्यवधान नहीं आने दिया। उन्होंने कहा कि बिजली के क्षेत्र में निजीकरण का प्रयोग एक विफल प्रयोग है। प्रांत के स्तर पर सबसे पहले वर्ष 1999 में उड़ीसा में विद्युत वितरण का निजीकरण किया गया था। उड़ीसा में निजीकरण की तीसरी विफलता है। जिसमे भारतीय जनता पार्टी टाटा पावर के विरोध में लगातार आंदोलन कर रही है। दुबे ने बताया कि पड़ोसी प्रांत बिहार में गया, भागलपुर और समस्तीपुर में अर्बन डिस्ट्रीब्यूशन फेंचाइजी के नाम पर निजीकरण का प्रयोग किया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके पूरी तरह असफल रहने के चलते इसे एक साल बाद ही रद्द कर दिया। महाराष्ट्र में औरंगाबाद, जलगांव, नागपुर और झारखंड में रांची और जमशेदपुर में निजीकरण के विफल प्रयोग निरस्त किए जा चुके है। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा और आगरा में निजीकरण का प्रयोग असफल रहा है। ग्रेटर नोएडा में आए दिन किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं की शिकायतें सामने आ रही है। ग्रेटर नोएडा में निजी कंपनी का लाइसेंस निरस्त कराने हेतु स्वयं उत्तर प्रदेश सरकार मा- सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा लड़ रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजी कंपनी मुनाफे के लिए काम करती है और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले 42 जनपदों में बेहद गरीब जनता रहती है। अतः प्रदेश की आम जनता के व्यापक हित में निजीकरण का विफल प्रयोग उत्तर प्रदेश में न लागू किया जाए।

# निजी स्कूलों की महंगी फीस के विरोध में योगी से मिलने पहुंचे छात्रों को पुलिस ने रोका

**लखनऊ।** निजी स्कूलों में लगातार शुल्क वृद्धि के चलते महंगी हो रही शिक्षा के विरोध में शनिवार को छात्रों का एक दल गोंडा के गांधी मैदान से कावड़ यात्रा लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पहुंचा।

छात्रों के कालिदास मार्ग पर पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान छात्रों की पुलिस से बहस भी हुई, जिसके बाद पुलिस ने सभी को बस में भर कर इको गार्डन भेज दिया। गोंडा के गांधी मैदान से बीते गुरुवार से शुरू हुई छात्रों की यह यात्रा आज कालिदास मार्ग तक 120 किमी पैदल चल कर पहुंची। छात्र पंचायत की मांग थी कि स्कूलों में लगातार हो रही शुल्क वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए कानून बनाया जाए। जो स्कूल मनमानी कर रहे हैं उन पर अंकुश लगाया जाए।

# आरएसएस के इशारे पर भाजपा देश में पैदा कर रही है धार्मिक उन्माद: नरेश

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के सांसद नरेश उत्तम ने शनिवार को प्रयागराज में गंगापार के फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के बाबूगंज में संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस के अवसर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरएसएस के इशारे पर देश में धार्मिक उन्माद पैदा करने का आरोप लगाया।

कार्यक्रम के दौरान सपा सांसद ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने पर आमादा है। देश एवं प्रदेश की सत्ता में बैठी भाजपा संविधान के अनुसार काम नहीं करना चाहती। कार्यक्रम में विशाल जनसमूह को सम्बोधित



करते हुए श्री उत्तम कहा कि भाजपा संसद में पुलवामा, मतदाता पुनरिक्षण, किसानों, बेरोजगारों, महिलाओं सहित आम जनमानस के किसी समस्यात्मक मुद्दे पर बहस नहीं करना चाहती है। देश में पूंजीवादी ताकतों के बढ़ते प्रभाव को गंभीर बताते हुए सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि इस समस्या का समाधान सिर्फ समा. जवादी रास्ते पर चलकर ही पाया जा सकता है। उन्होंने डॉ लोहिया एवं मुलायम सिंह यादव के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले सहसों चौराहे पर स्थित छत्र पति शाहू घी महराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया।सपा ने 26 जुलाई आरक्षण दिवस को आज संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस के रूप में मनाया। सपा ने आज स्थापना की पहली वर्षगांठ पर सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, समर्थकों ने भारी संख्या में इकठे होकर संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने का संकल्प दो. हराया। उन्होंने कहा कि यह स्तम्भ पीडीए की एकता और मजबूती के लिए प्रेरणा और ऑक्सीजन प्रदान करता रहेगा। भाजपा देश में लो. कतंत्र और संविधान को करने की साजिश कर रही है। सपा सांसद ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। भाजपा सरकार को शिक्षा, रोजगार, किसान, युवा, महिला, व्यापारी विरोधी बताते हुए कहा कि आरएसएस के इशारे पर भाजपा देश में धार्मिक उन्माद पैदा कर आपसी भाईचारे को खत्म कर रही है।

# अयोध्या में सावन झूला मेला के लिए तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** रामनगरी का पौराणिक व पारम्परिक सावन झूला मेला रविवार से मणिपर्वत पर शुरू हो जाएगा जो रक्षाबंधन सावन पूर्णिमा तक चलेगा।

इसको लेकर विद्याकुंड स्थित मणिपर्वत पर साफ सफाई के साथ बैरिकेडिंग सहित सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सावन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि से यह आयोजन शुरू होता है झूलनोत्सव में भाग लेने के लिए लाखों श्रद्धालु आते हैं और झूले में विराजमान प्रभु श्रीराम और मां सीता के विग्रह स्वरूप को झुलाते है। माना जाता है कि सीताराम को झूला झुलाते समय भक्त जो मनोकामना प्रभु के श्रीचरणों में भक्तिभाव से समर्पित करते हैं वह निश्चित रूप से पूरी हो जाती हैं। झूला मेला में मान्यता के अनुसार अयोध्या के अधिकांश मंदिरों से प्रभु श्रीराम और मां जानकी का विग्रह स्वरूप पालकी में रखकर गाजे बाजे शंख नगाड़े समारोह पूर्वक जयकारों के साथ रामनगरी के विभिन्न मार्गो पर भ्रमण करते हुए मणिपर्वत पर पहुंचते हैं वहां पर पेड़ो पर पड़े झूलो पर सीताराम जी को गीत गा कर झूला झुलाते है। शाम होते ही फिर सीताराम के विग्रह स्वरूप को पालकी में बिठाकर मंदिर लाते हैं और मंदिर में पड़े झूले पर भगवान के विग्रह स्वरूप को झुलाते है। 12 दिवसीय झूलनोत्सव की अनुपम छटा निहारने भक्त बड़ी दूर से आते हैं। रामनगरी के मंदिरों में भजन कीर्तन कजरी गीत संपूर्ण वातावरण को रसमय भक्तिमय बना देत अयोध्या के कुछ मंदिरों में सावन झूला पूरे माह भर पड़ा रहता है जिसमें कनक बिहारी सरकार और मां जानकी को भक्त झूला झुला कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। उपासना भक्ति की बड़ी पीठ रंगमहल पीठ के पीठाधीश्वर महंत राम शरण दास बताते हैं कि झूला मेला और मणिपर्वत का पौराणिक धर्म ग्रंथों में पूरा बखान है। राम शरण दास बताते हैं कि हमारे रंगमहल में पूरा सावन माह झूला महोत्सव से सराबोर रहता है। भक्त कजरी गीत गा कर प्रभु और किशोरी जी को झूला झुला कर अपने जीवन को धन्य कर लेते हैं। रंगमहल के महंत राम शरण दास जी बताते हैं कि मां जानकी की विदाई के समय एक मणि उनके साथ जनकपुर चली गई। माहराज जनक को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने मणि के बारे में पूछा तो पता चला कि जहां सभी आभूषण रखे जाते हैं वहीं मणि को रख दिया। जब महाराज जनक मणि को खोजने का प्रयास करते हैं तो वैसी मणियां अनेकों रहती हैं। पुत्री के धन को उपयोग में नहीं लाते इस भावना में आकर महराज जनक सभी मणियों को अयोध्या भेज देते हैं। अयोध्या का खजाना पहले से ही परिपूर्ण था इस कारण महाराज दशरथ उसको विद्याकुंड के पास सुरक्षित रखने का आदेश देते हैं। वहीं मणियों के ढेर कारण मणिपर्वत के रुप में परिवर्तित हो जाता है। क्योंकि यह मणियां सावन शुक्ल पक्ष तृतीया को आई थी तभी से कजरी तीज का उत्सव मनाया जाने लगा और मणिपर्वत पर झूलनोत्सव होने लगा।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पिपरी थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गांव में पुरानी रंजिशन के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इसी बीच प्रयागराज के गांजा एयरपोर्ट निवासी राजू सिंह (30) शराब ठेका के पास आ गया। उसे देखते ही रूपेश ने कटा निकालकर राजू सिंह पर फायर कर दिया । गोली राजू सिंह के सीने में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी प्रभारी मखदूमपुर घटनास्थल पर पहुंचकर घायल राजू को लेकर उपचार के लिए प्रयागराज स्थित स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल मे भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# दुष्यंत प्रताप की कृति सात्यकि का विमोचन

**लखनऊ।** बॉलीवुड निर्देशक एवं लेखक दुष्यंत प्रताप सिंह द्वारा रचित चर्चित पौराणिक कृति 'सात्यकि द्वापर का अजेय योद्धा' का विमोचन यहां हुआ। इस अवसर पर देश की प्रसिद्ध लो. कगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, जाने-माने शिक्षाविद राज. ेश दयाल, यूनिवर्सल बुक सेलर्स के सीईओ गौरव प्रकाश और लेखक दुष्यंत प्रताप सिंह उपस्थित रहे। सुश्री मालिनी अवस्थी ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि लेखक आज हमारे युगों और इतिहास के ऐसे योद्धाओं व कर्म योगियों के बारे में लिख रहे हैं जो लोगों की स्मृति से लगभग विस्मृत हो चुके हैं । ऐसी किताबें और साहित्य ही उनके असाधारण जीवन पर न सिर्फ प्रकाश डालते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी एक गर्व का अनुभव कराते हैं।

दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया यह किताब न सिर्फ उनके लिए एक चुनौती थी बल्कि महायोद्धा सात्यकि का वर्तमान पीढ़ी से परिचय उनके लिए एक बेहद भावुक पल है सात्यकि द्वापर का अजेय योद्धा देश और दुनिया के सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। यह किताब का ऑडियो ऑनलाइन सभी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। दुष्यंत प्रताप ने कहा कि किताब का अंग्रेजी संस्करण माह अक्टूबर में समूचे विश्व में उपलब्ध होगा।

# पुलिस की एक अक्षर की गलती से निर्दोष को बेगुनाही साबित करने में लग गए 17 साल

**मैनपुरी।** मैनपुरी में पुलिस की घोर लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक निर्दोष व्यक्ति को पुलिस की एक अक्षर की गलती के कारण 22 दिन जेल में बिताने पड़े और 17 साल तक कोर्ट में न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ा।

अब 17 साल बाद जिले की एक अदालत ने राजवीर नामक व्यक्ति को बरी कर दिया है और इस लापरवाही के लिए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश पुलिस अधीक्षक को दिए हैं। 31 अगस्त 2008 को शहर कोतवाली के तत्कालीन इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने नगला भंत निवासी मनोज यादव, प्रवेश यादव, भोला और राजवीर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच दन्नाहार थाना पुलिस को सौंपी गई। तत्कालीन एसआई शिवसागर दीक्षित ने एक दिसंबर 2008 को राजवीर को गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, और उसके खिलाफ तीन मुकदमों का आपराधिक इतिहास भी दर्शाया जबकि असल में ये मुकदमे राजवीर के भाई रामवीर और गांव के अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज थे। राजवीर के खिलाफ कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। राजवीर ने अधिवक्ता के माध्यम से आगरा कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें बताया गया कि पुलिस ने उसे गलत गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फंसाया है। कोर्ट ने इंस्पेक्टर ओमप्रकाश और विवेचक शिवसागर दीक्षित को तलब किया। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने भी कोर्ट में स्वीकार किया कि राजवीर का नाम मुकदमे में गलती से दर्ज हो गया था इस पर कोर्ट ने राजवीर को 20 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहाई के आदेश दिए। हालांकि, पुलिस ने फिर लापरवाही बरती और विवेचक ने राजवीर का नाम हटाकर उसके भाई रामवीर का नाम जोड़ने के बजाय प्रवेश, भोला, मनोज सहित राजवीर के खिलाफ ही चार्जशीट कोर्ट में भेज दी। 2012 में यह मुकदमा ट्रायल पर आया और मैनपुरी में गैंगस्टर कोर्ट की स्थापना होने पर यहीं सुनवाई हुई। राजवीर के अधिवक्ता विनोद कुमार यादव ने बताया कि 17 साल बाद, एडीजे विशेष गैंगस्टर एक्ट स्वप्नदीप सिंघल ने साक्ष्यों के आधार पर राजवीर को मुकदमे से बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में पुलिस की लापरवाही के साथ-साथ तत्कालीन पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी की भी अनदेखी पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि इन अधिकारियों ने भी गैंग चार्ट का अनुमोदन बिना संबंधित प्रपत्रों का अवलोकन किए ही यांत्रिक रूप से कर दिया।

# करोड़ों महिलाओं की प्रेरणा है फूलन देवी: डा निषाद

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद ने कहा कि फूलन देवी न केवल मल्लाह, निषाद, केवट, कश्यप, गोंड जैसे मछुआ समाज का गौरव है बल्कि करोड़ों महिलाओं की प्रेरणा भी है। उन्होंने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी महिला सशक्तिकरण की एक चेतना जगाई है। फूलन देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि फूलन देवी ने अपने संघर्ष से यह सिद्ध किया कि अगर किसी महिला का शोषण होता है तो वह दुर्गा बनकर अन्याय के विरुद्ध कड़ी हो सकती है। डा निषाद ने कहा कि उनकी पार्टी फूलन देवी के विचारों और आदर्शों पर चलने वाली पार्टी है। उनके दिखाये रास्ते पर चलकर मछुआ समाज को न्याय ,सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। डॉ निषाद ने कहा कि फूलन देवी की हत्या आज भी एक पहेली बनी हुई है।

यह आवश्यक है कि इस हत्या की निष्पक्ष जांच सीबीआई द्वारा सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिल सके। पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में डॉ निषाद ने कहा कि फूलन देवी की हत्या उस समय हुयी जब वह समाजवादी पार्टी की सांसद थी। प्रदेश और केंद्र दोनों ही स्थान पर समाजवादी पार्टी की सरकार या भागीदारी थी फिर भी उन्होंने हत्या की सीबीआई जांच क्यों नहीं कराई। उन्होंने कहा कि आज वहीं समाजवादी पार्टी फूलन देवी के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही है अगर उन्हें सच में न्याय दिलाना होता तो सत्ता में रहते हुए उन्होंने क्यों कुछ नहीं किया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि अगर समाजवादी पार्टी को फूलन देवी के प्रति न्याय की भावना है।

# बांदा: छह साल की बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के काललजर थाना क्षेत्र में अपने घर के दरवाजे पर खेल रही छह साल की बालिका को गुपचुप उठाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार तड़के मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

युवक ने शुक्रवार शाम घर के दरवाजे पर खेल रही बालिका को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया। बालिका को इलाज हेतु राजकीय वीरांगना रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।वहीं दूसरी ओर पुलिस ने शनिवार तड़के लगभग 2:00 बजे हुई सशस्त्र मुठभेड़ में घायल आरा. ेपी को भी अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर लिया और चिकित्सा हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने शनिवार को बताया कि यह घटना कल शाम उस समय हुई। जब 6 वर्षीया मासूम अपने दरवाजे पर खेल रही थी। जिसे आरोपी युवक अपने घर ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना की सूचना पर तत्काल बालिका को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस टीमों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक सहित कई पुलिस टीमों ने वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्यों का संकलन किया। घटना का मुकदमा पंजीकृत कर तत्काल आरोपी की तलाश शुरू की गई। खोजबीन के दौरान मिली सूचना पर पुलिस पुलिस टीमें गुढ़ाकला गांव के सुप्रसिद्ध गुढ़ा हनुमान मंदिर के निकट पहुंची। जहां मौजूद आरोपी ने अपने बचाव हेतु पुलिस पर गोली चलते हुए जानलेवा हमला किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया।

## एक नजर

### समाजवादी पार्टी ने प्रतापगढ़ में मनाया संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में शनिवार को समा. जवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर आरक्षण दिवस संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। सर्व प्रथम कारगिल विजय दिवस पर अमर शहीदों के लिए दो मिनट मौन रखकर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बाल. कुमार पटेल जी ने उपस्थित सभी लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि आज के ही दिन महात्मा ज्योतिबा राव फुले जी द्वारा संकल्पित 'आरक्षण' को कोल्हापुर के परम आदरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज जी ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू किया था। इसी दिन 'आरक्षण देने का शुभारंभ' हुआ था। 'सामाजिक न्याय' की भावना को आरक्षण के रूप में इसी दिन अमल में लाया गया था, जो आगे चलकर बाबा साहेब डॉ-भीमराव अंबेडकर जी के सप्रयासों से हमारे संविधान में एक जनाधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का मूल आधार बना और देश के लोकतंत्र की स्थापना का मूल सिद्धद्धांत भी बना। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार लोकतंत्र को खत्म कर देना चाहती है। आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी पीडीए के जननायक है। जो पीड़ति हैं वो पीडीए है। रानीगंज विधायक डॉ- आरके वर्मा ने कहा कि 'संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस' का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए हर वर्ष '26 जुलाई' से अधिक ऐतिहासिक अवसर और क्या हो सकता है, क्योंकि विचार को सही में लागू करना ही तो सबसे बड़ा और प्रभावशाली उदाहरण होता है, जो परम आदरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज जी ने कर दिखलाया था। पटी विधायक राम सिंह पटेल ने कहा कि 'संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस' आयोजित किया जा रहा है इसके पीछे यही मूल भावना है कि 'संविधान-मानस्तंभ' वस्तुतः 'पीडीए-प्रकाशस्तंभ' के रूप में 'सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदैव प्रकाशित और प्रशस्त करता रहे।

### मंत्री तक की सुनवाई नहीं, सरकार की संवेदनहीनता उजागर: सपा

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि जब सरकार में मंत्रियों तक की सुनवाई नहीं हो रही है, तो आम जनता का क्या हश्र होगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से संवेदनहीन है, जनता की समस्याओं को सुनने के बजाय उन्हें गुमराह करने में लगी हुई है। उप-राष्ट्रपति तक को जानबूझकर मार्गदर्शक मंडल में भेज दिया जा रहा है। श्री खान जौनपुर जिले के जमदहा में एक शोक संतप्त परिवार से मिलने के उपरांत पत्रकारों से बात चीत कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के लोग ध्रुवीकरण की राजनीति कर रहे है और जनता को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा की इस नीति से प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है जिससे जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान परेशान है, उन्हें खाद नहीं मिल रहा है। सरकार की नीतियों के कारण किसानों को अपनी फसलों के लिए आवश्यक संसाधन नहीं मिल पा रहा है । उनकी आर्थिक स्थिति बदतर हो रही है। उप-राष्ट्रपति को हटाए जाने पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को मार्गदर्शक मंडल में भेज दिया, जो उनके अनुभव और योगदान को नजरअंदाज करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि पधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे देश के बड़े और अनुभवी नेताओं की कोई अहमियत नहीं है। एक व्यक्ति की मर्जी से सब कुछ चलता है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। राष्ट्रीय सचिव ने दावा किया कि यूपी में पीडीए की सरकार बनना तय है। लोगों का झुकाव अब सपा की तरफ बढ़ रहा है वे भाजपा की नीतियों से तंग आ चुके हैं।

### लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने दी स्मृतिका पर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को राजधानी लखनऊ छावनी स्थित मध्य कमान युद्ध स्मारक 'स्मृतिका' पर एक गरिमामयी पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया जिसमें कारगिल युद्ध के दौरान राष्ट्र की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी- इन-सी), लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने मध्य कमान की ओर से पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल युद्ध के नायकों को नमन किया। इस दौरान पूर्व सैनिक समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की अदम्य साहस, संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। हमारे वीरों के बलिदान ने न केवल उस युद्ध में विजय सुनिश्चित की, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित किया कि वे सेना की सर्वोच्च परंपराओं को बनाए रखें। पुष्पांजलि समारोह के उपरांत, लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने लखनऊ सैन्य स्टेशन पर पूर्व सैनिकों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्र निर्माण में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित करते हुए उनके कल्याण के प्रति भारतीय सेना की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया।

### अपर मुख्य सचिव बनना उपलब्धि नहीं, काम करने का एक नया अवसर: आलोक कुमार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने यूपी के दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन देकर अपर मुख्य सचिव (एसीएस) बनाया, इसमें यूपी के तेज तर्रार आईएएस आलोक कुमार द्वितीय भी शामिल हैं। प्रमोशन के बाद उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि नहीं एक नया अवसर है जिसके तहत यूपी के विकास में योगदान देने का प्रयास करूंगा। प्रमोशन के बाद आलोक कुमार द्वितीय ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इसकी खुशी जताते हुए लिखा कि मुझे अपर मुख्य सचिव पद पर प्रोन्नति मिली और इस अवसर पर मैं अपने सभी सहयोगियों, मित्रों और परिवारजनों का दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा ह्न लगभग 32 वर्ष पूर्व मैंने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की परीक्षा पास की थी और तब से यह सफर निरंतर जारी रहा। इस यात्रा में मैंने अनेक चुनौतियों का सामना किया।

# मुख्यमंत्री की चेतावनी के 24 घंटे बाद ही फेल हुई विद्युत व्यवस्था

## भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी, बिजली-पानी को तरसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भीषण गर्मी में धामपुर की जनता बिजली और पानी की किल्लत से बेहाल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़ी फटकार और सख्त निर्देश दिए गए थे कि प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है, ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और फॉल्ट जैसी समस्याओं को तुरंत दूर किया जाए। लेकिन महज कुछ घंटे बाद ही उनके निर्देश हवा में उड़ते नजर आए, जब धामपुर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई।

**फॉल्ट और ट्रिपिंग का दिन भर चलता रहा सिलसिला**

सुबह 6 बजे कुछ देर के लिए बिजली आई, लेकिन बार-बार ट्रिपिंग और तकनीकी फॉल्ट के चलते आंख मिचौली चलती रही। 11:00 के लगभग बिजली घर में बड़ा फाल्ट हो गया, जिससे 3 घंटे पूरे नगर की आपूर्ति खत्म हो गई। दोपहर तक स्थिति जस की तस बनी रही। दोपहर करीब 2 बजे बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए शुरू हुई, लेकिन 3:15 बजे शेड्यूल कटौती के तहत फिर से आपूर्ति रोक दी गई। इससे पहले भी दिनभर में कई बार सप्लाई बाधित होती रही।

**रात भर गुल रही बिजली आमजन झुलसते रहे**

शुक्रवार रात धामपुर के सेंट मैरी रोड, पंजाबी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई। रात करीब 10:30 बजे चली आंधी के बाद पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई, जो पूरी रात बहाल नहीं हो सकी। इन्वर्टर डाउन हो गए और लोगों की नींद उड़ गई।

**पानी की भी हुई किल्लत मंदिर-मस्जिदों में भी असर**

बिजली की अनुपस्थिति ने पानी की समस्या को और गंभीर बना दिया। पंप बंद होने से लोग पीने के पानी तक को तरसते रहे। शहर की कई मस्जिदों और मंदिरों में भी पानी न होने की वजह से धार्मिक कार्य प्रभावित हुए।

**जनता परेशान, अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे**

स्थानीय निवासियों ने जब विद्युत अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की तो किसी ने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। लोगों का कहना है कि अगर मुख्यमंत्री की फटकार का असर भी अधिकारियों पर नहीं हो रहा, तो आमजन की फरियाद कौन सुनेगा?

**मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद लापरवाही जारी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले ही लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में साफ कहा था कि अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति से जुड़ी सभी समस्याओं जैसे फॉल्ट, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज को लेकर गंभीर होना चाहिए। लेकिन धामपुर में हालात ने उनकी बातों को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। जिस विभाग पर मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया, उसी विभाग की लापरवाही जनता को झेलनी पड़ रही है।

**नगरवासियों की मांग जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई**

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि बार-बार ट्रिपिंग और बिजली संकट के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# युवक का बंद घर में शव मिला

**नजीबाबाद।** आज सुबह नगर की पालोमल कालोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का उसी के बंद घर में शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला।

आज सुबह थाना पुलिस को पालोमल कालोनी में 25 वर्षीय युवक दिलशाद उर्फ बाबू के अपने घर में बंद होने तथा रात को सोने के बाद सोकर न उठने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घर का दरवाजा तोड़ा तो युवक बाबू वहां मृत अवस्था में चारपाई पर सीधा लेटा हुआ था तथा उसके सिर में चोट के निशान थे। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर सील कर दिया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। क्षेत्र में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की अफवाह उड़ गई। पुलिस की जांच में पता चला कि युवक का पिता किरतपुर गया हुआ था, बीती रात घर में युवक अकेला था, वह शराब पीने का आदी था। नशे में वह अपने घर के फर्श पर अचानक गिर गया। जिससे उसके सिर में चोट लगी तथा बाद में चारपाई पर लेट गया। उपचार न मिलने के कारण उसकी रात में ही किसी समय मौत हो गई। युवक के घर का दरवाजा अंदर से बंद रह गया।

# शार्ट सर्किट से कार जलकर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शनिवार सुबह नगर के मोहल्ला बंदूकचियान में उस समय हड़कंप मच गया जब एक वेगनआर कार में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी कार जलकर राख हो गई। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह लगभग 6 बजे की है। स्थानीय निवासी नूर की वेगनआर कार उनके घेर में खड़ी थी। अचानक उसमें धुआं उठता दिखाई दिया। जैसे ही परिजनों ने यह देखा, वे तुरंत बाहर दौड़े और स्वयं आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई काबू नहीं पाया जा सका। फायर ब्रिगेड को तत्काल सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। हालांकि तब तक पूरी कार जलकर राख हो चुकी थी।

गनीमत रही कि इस हादसे में कोई व्यक्ति आग की चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि मोहल्ले के अन्य लोग भी घरों से बाहर निकल आए। कार मालिक नूर ने बताया कि इस घटना में उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की भी मांग की है।

# मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में शनिवार को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं ने तरह-तरह के आकर्षक मेंहदी डिजाइनों के माध्यम से अपने हुनर और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक मोहम्मद साईम राजा व मरियम साईम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रदर्शित कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देती हैं और उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। मेंहदी प्रतियोगिता में उजमा परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इरम नाज द्वितीय और नाजिया परवीन तृतीय स्थान पर रहीं। कॉलेज स्टाफ और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पूर्व मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉक्टर मोहित बंसल ने भी छात्राओं के टेलेंट को खूब सराहा।

# आरबीडी में दीक्षारंभ कार्यक्रम

## नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महाविद्यालय के पावन प्रांगण में नव प्रवेशित छात्राओं हेतु छह दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. (डॉ.) पारुल त्यागी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू चौधरी, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर व शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू अरोड़ा एवं कार्यक्रम समन्वयक एवं चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. नीरू द्वारा सामूहिक रूप से मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए संगीत विभाग द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी गई।

तत्पश्चात गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम द्वारा संबोधित किया गया। इस संबोधन को छात्राओं को लाइव दिखाया एवं सुनवाया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं के भीतर जोश व ऊर्जा भरते हुए कहा कि सपने वह नहीं होते जो रात में देखे जाएं, सपने वह होते हैं, जो दिन में देखे जाएं। उन्होंने कहा कि छात्राओं का उद्देश्य सिर्फ डिग्री पाना ही नहीं है, बल्कि देश को एक सही दिशा भी देना है। कक्षा-कक्ष ऐसे हो जहां अधिक से अधिक संभावनाएं पैदा हो सके। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक एक चेतना है, वह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं। वह छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करता है।



अपने वक्तव्य में उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा को जीवन और संस्कार से जोड़ेंगे, तो अवश्य ही सफलता मिलेगी। उन्होंने एक सांस्कृतिक व भौतिक युग का आह्वान किया। जिसका आधार ज्ञान सेवा वह नवाचार को बताया। इसके उपरांत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने सभी नव प्रवेशित छात्राओं के साथ बातचीत की वह महाविद्यालय में उनका स्वागत किया व उन छात्राओं की प्रशंसा की, जो महाविद्यालय की वेशभूषा में आई थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा दिये गये उद्‌बोधन में उनके द्वारा की गई सभी अपेक्षाओं पर हम खरा उतरेंगे और शालिन आचरण को अपने जीवन में उतारेंगे। हमारा व्यवहार ऐसा हो, जो हमारी संस्कृति व वातावरण को झलकाए। उन्होंने छात्राओं को कठिन परिश्रम करने वह समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय आपका है, इसको स्वच्छ रखें क्योंकि विद्यालय भी एक मंदिर होता है।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीरू द्वारा छात्राओं को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि छात्र व शिक्षक एक सिक्के के दो पहलू है। इसके बाद सभी नवप्रवेशित छात्राओं को पेन वितरण किया गया। प्राचार्य ने समस्त नवप्रवेशित छात्राओं के साथ सामूहिक रूप से फोटो ली। कार्यक्रम का सुंदर संचालन डॉ. अनु रानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में श्रीमती सारिका सिंह, डॉ. रिचा शर्मा, श्रीमती रेनू कुमारी एवं कु. शताक्षी शर्मा का योगदान रहा।

# रालोद की सदस्यता ग्रहण की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के सक्रिय सदस्यता अभियान को जोरदार समर्थन मिलता दिख रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की शाम रालोद प्रदेश सचिव काजी तारीक अली के मोहल्ला काजियान स्थित आवास पर एक विशेष सदस्यता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों मुस्लिम युवाओं व गणमान्य लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काजी तारीक अली ने कहा कि अल्पसंख्यकों, अगड़ों, पिछड़ी जातियों के लोगों का भविष्य रालोद में सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि रालोद की स्थापना भारत रत्न व किसानों के मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने की थी, जिन्होंने जीवन भर किसानों और मुस्लिमों के हक के लिए संघर्ष किया। रालोद के युवा क्षेत्रीय मंत्री चौधरी शोएब ने कहा कि आज का मुस्लिम युवा विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़ रहा है, लेकिन वह मंच नहीं मिल पा रहा, जो रालोद दे रहा है। उन्होंने इसे एक मजबूत मुहिम करार देते हुए, कहा कि इस अभियान को आगे बढ़ाना, हम सबकी जिम्मेदारी है ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के हाथ और मजबूत हों। रालोद के जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिजनौर, हसनैन जैदी ने भी मुस्लिम समुदाय से अधिक संख्या में पार्टी से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर वकार मकरानी, वकीलउद्दीन, हाफिज आलम, शहाबुद्दीन, दिलशाद, जुल्फिकार, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद अजमल, मोहम्मद अहद, मोहम्मद इलयास, अबू बकर अदनान, मौहम्मद जीशान, मोहम्मद अनस, काजी राशिद आलम, शमीम अहमद सहित सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सचिव काजी तारीक अली ने की, जबकि संचालन युवा रालोद के क्षेत्रीय मंत्री चौधरी शोएब व हसनैन जैदी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में संदीप चौधरी (जिला अध्यक्ष युवा अखिल भारतीय जाट महासभा), सजगवीर सिंह बावा, सलमान मलिक, अब्राहम, यूसुफ भाई सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर काजी तारीक अली और चौधरी शोएब ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस नही कर रही पूछताछ संयम को कैसे मिलेगा इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** प्रेम प्रसंग में गई युवक की जान से पूर्व जो पुलिस केवल पोस्टमार्टम को बॉडी उठाने के लिए तरह तरह के वादे पीड़ित परि. जनों से कर रही थी। वहीं पुलिस अब ऐसे बदल गई जैसे आज कल पल भर में मौसम बदल रहा है।

विदित हो कि बीती 23 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट निवासी आलमराम के इकलौते बुढ़ापे के सहारे संयम शर्मा ने प्रेमिका द्वारा तीन साल के प्रेम में धोखा मिलने और उससे लाखों रुपये ऐंठने के चलते जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों का कहना है कि मृतक ने मरते समय फोन कर युवती द्वारा लाखों रुपये ऐंठने और अब युवती के परिजनों द्वारा उसका रिश्ता कहीं और कर देने के चलते उस पर तरह तरह से दबाव बनाने की बात कही थी। संयम ने मरने से पहले जहर खाने और अब सब की टेंशन खत्म हो जाने की बात कही थी।

## पुलिस के अनुसार नहीं बनता अपराध

हीमपुर दीपा पुलिस की मानें तो युवक के खिलाफ पहले ही जबरन परेशान करने का प्रार्थना पत्र आ गया था। जिससे समझाने का प्रयास भी किया गया परंतु उसने स्थिति को समझने के बजाय आत्महत्या का कदम उठा लिया जिसमें युवती और उसके परिजनों का कोई दोष नहीं है। इसीलिए उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करना संभव नहीं है।

## जान ने ही ले ली जान

मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया है कि संयम उक्त युवती से तीन सालों से बेपनाह मुहब्बत करता था। इतना ही नहीं कोचिंग क्लास में युवती द्वारा ही युवक को अपना नम्बर देकर अपने प्रेमजाल में फंसाया गया था। बताया जाता है कि मण्डावर थाना क्षेत्र निवासी प्रेमिका अब तक संयम से लाखों रुपये कैश और लाखों रूपये के गिफ्ट ले चुकी थी। जिस मामले को हीमपुर दीपा पुलिस युवक द्वारा परेशान करने और स्वयं मौत को गले लगाने का मामला समझ रही है। वह दरअसल डराने, धमकाने और बीच रास्ते में प्रेमिका द्वारा युवक को तन्हा छोड़ देने का मामला है। उधर मृतक के पिता ने प्रेमिका और उसके परि. जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न करने पर अपनी तीनों बेटियों सहित हीमपुर दीपा थाना गेट पर आत्महत्या कर लेने की चेतावनी दी है।

## अन्य युवक से भी 2 लाख ठगने का आरोप

उक्त युवती का संयम ही केवल एक अकेला आशिक नहीं था बल्कि सूत्र बताते हैं कि इससे पूर्व भी एक युवक को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उक्त युवती के परिजन 2 लाख में फैसला तक कर चुके है।

# पुलिस ने मिट्टी खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बागा नांगल के समीप शनिवार को पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। जबकि दूसरा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पकड़े गए वाहन को सीज कर थाने में खड़ा कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। इस पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बागा नांगल के पास दबिश दी। मौके पर पहुंचते ही पुलिस ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी से भरा हुआ पकड़ा, जबकि दूसरा चालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने जब्त किए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने लाकर सीज कर दिया है और फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले में संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

# विजय दिवस पर वीर शरद कुमार को नमन

## शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पण, युवाओं को देशभक्ति का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों की स्मृति में गुरुवार को नगर में कारगिल विजय दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र महाराणा प्रताप चौक रहा, जहां सुनामी त्रासदी में शहीद हुए नगर के वीर जवान शरद कुमार चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में शामिल नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने शहीदों की वीरगाथा का स्मरण करते हुए उनकी आत्मा को नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' तथा जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित कई पदाधिकारियों ने आरएसएम तिराहा पहुंचकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान शहीद के पिता जयवीर सिंह को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले जवान हमारी असली पूंजी हैं और उनका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श है।



कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, ललित सैनी, अनिल कुमार, बृजेश वर्मा, राहुल अग्रवाल, संदीप चौधरी, संदीप चौहान, मनीष शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहीदों को समर्पित इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को यह संदेश दिया गया कि देशभक्ति केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक कर्तव्य है, जिसे निभाने के लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## एक नजर

# नहर में डूबने से मजदूर की मौत

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के चंदक हेड के पास एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक कामेश पुत्र यशपाल की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक योगानुकूल कृषि फार्म भागूवाला में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार को दोपहर के समय घटी जब कामेश अपने साथियों अनिल व चिंटू के साथ खेत की सिंचाई के लिए नहर से पानी खींच रहा था। गर्मी के चलते तीनों ने नहर में नहाने का फैसला किया। कामेश ट्रैक्टर की छत से कूदते वक्त संतुलन खो बैठा और चोट लगने से वह बेहोश होकर डूब गया। साथी युवक उसे नहाता समझकर चले गए। जब वह दोपहर तक नहीं लौटा तो परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन रात तक सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को सुबह दोबारा शुरू किए गए तलाशी अभियान में मजदूर का शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर बरामद हुआ। कामेश का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित लोगों ने शव को योगानुकूल कृषि फार्म के सामने रखकर फार्म इंचार्ज को बुलाने की मांग की। मौके पर थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज संजय यादव, एसआई योगेंद्र सिंह, एसआई देवपाल व भारी पुलिस बल तैनात रहा। फार्म इंचार्ज व मृतक के परिजनों के बीच हुई वार्ता में मृतकों को सहायता राशि, मृतक के पिता को नौकरी व भाई को स्थायी रोजगार देने पर सहमति बनी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण की पुष्टि की जाएगी। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# मेंहदी एवं केश प्रतियोगिता आयोजित



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली तीज के अवसर पर मेहंदी, केश सज्जा, सावन गीत प्रतियोगिताएं मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति अनीता, पारुल, प्रधानाचार्या श्रीमती अभावती के द्वारा हुआ। उन्होंने बताया कि यह पर्व हरियाली ताजगी प्रेम और आनंद लेकर आता है। यह महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में बाल वर्ग में राधिका, हेमलता, आलिया, किशोर वर्ग में मानसी, परी, पल्लवी, तरुण वर्ग में जिया, ख़ुशी, निधि व केश सज्जा में बाल वर्ग में पूर्वी, आराध्या, रूही, सागर, किशोर वर्ग में निशा सैनी, आराध्या, प्रेरणा राजपूत, तरुण वर्ग में गुंजन, शालू, तनु सैनी व सावन गीत में बाल वर्ग में पीहू गुप्ता, फिल्जा, तनुश्री, किशोर वर्ग में मीनाक्षी, चीनू, वंशिका, तरुण वर्ग में अंशिका, पावनी, अनु ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना के द्वारा किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाएं रेनू, अपर्णा, अनीता, मीनाक्षी, पारुल, पूर्णिमा, सरिता, प्रीति इशिका, खुशबू, प्रियंका, मेघना उपस्थित रही।

# खाटू श्याम जी का दरबार सजाया



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में सजाए गए बाबा खाटू श्याम के 123 वे विशाल दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु परिवारों ने पारंपरिक जयकारों से कार्यक्रम स्थल को श्याम मय बना दिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र वशिष्ठ के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। कार्यक्रम का समापन श्याम वंदना एवं सामूहिक आरती से किया गया।

# मरियम, अनविका और नित्या बनी तीज क्वीन



**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल के किंडरगार्टन विभाग में हरियाली तीज का आयोजन किया गया। इस अवसर छात्राएं हरे रंग की पोशाक पहनकर विद्यालय आई शिक्षिकाओं के द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी क्लास से मनिष्ठा, क्लास एलकेजी से नेहल और क्लास यूकेजी से रिद्धि चौहान विजय रहे। जिनमें मरियम, अनविका और नित्या को तीज क्वीन चुना गया। प्रधानाचार्या द्वारा तीज क्वीन का ताज पहनाकर पुरस्कृत किया गया। बच्चों को तीज के बारे में जानकारी देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# छड़ियों का मेला 31 जुलाई को

**धामपुर।** मुख्य बाजार स्थित बालाजी महाराज के मंदिर के निकट 31 जुलाई को आयोजित होने वाले छड़ियों के मेले की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। उक्त जानकारी देते हुए मेला स्थल के वर्तमान प्रमुख पंडित रवि शंकर शर्मा ने बताया कि मेले में मुख्य रूप से स्थापित की जाने वाली छड़ी की पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपादित किया जाता है। यह मेला पिछले लगभग 10 दशक अर्थात 100 वर्षों से भी अधिक समय से इसी स्थान पर उनके पूर्वजों द्वारा प्रारंभ की गई परंपरा के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से चली आ रही इस परंपरा को आगे बढ़ाते रहने का आह्वान किया।

# आईटीआई की परीक्षाएं 28 से

**बिजनौर।** जनपद में संचालित चार राजकीय एवं 21 निजी आईटीआई की अखिल भारतीय व्यावसायिक सीबीटी परीक्षाएं 28 जुलाई से जनपद में राजकीय आईटीआई में प्रारंभ होंगी, जो 22 अगस्त 2025 तक चलेंगी। इस परीक्षा में 4060 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा सुचारू पूर्वक एवं नकल विहीन कराने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक एवं पुलिस बल की व्यवस्था कर दी गई है। परीक्षा विभागीय नियमानुसार कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र पर राजकीय आईटीआई के कार्यदेशक एवं वरिष्ठ अनुदेशक भी तैनात रहेंगे। यह जानक. री राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थी अपने साथ ऑनलाइन निकाला हुआ प्रवेश पत्र तथा फोटो युक्त आईडी जैसे आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएंगे। इसके अभाव में उन्हें परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सामग्री इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कैलकुलेटर इत्यादि परीक्षा केंद्र पर लाने की अनुमति नहीं होगी।

# पिकअप वाहन चालक से मारपीट

**नहटौर।** ग्राम बच्चावाला में एक पिकअप वाहन चालक के साथ कहा. सुनी को लेकर दो युवकों ने मारपीट की। घायल युवक के द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। ग्राम जमालपुर निवासी सोमपाल पुत्र कल्लू कमालपुर से अपने पिकअप द्वारा ग्राम बच्चेवाला पहुंचा। वहां से गिलाड़ी से मछली का बीज उठाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक युवक द्वारा नशे में गाड़ी हटाने को लेकर गाली-गलौज व मारपीट की। जिसमें सोमपाल घायल हो गया। उसका शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। घायल अवस्था में सोमपाल थाने पहुंचा, घटना की पुलिस को जानकारी दी तथा पुलिस ने उसको उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कर दिया। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। उपचार के लिए उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कारगिल विजय दिवस पर अमर बलिदानी को पुष्पांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील के गांव टांडा मीरनगर में कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए अमर बलिदानी चौधरी पुष्पेंद्र सिंह को उनकी स्मृति वाटिका में पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा एवं भाजपा पदाधिकारियों ने शहीद की स्मृति में श्रद्धांजलि दी।

जिला अध्यक्ष द्वारा शहीद के बड़े भाई चौ० संजीव सिंह को माला पहनकर और शॉल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी स्मृति में स्मृति वाटिका में वृक्षारोपण भी किया गया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वाति कुमार, जिला उपाध्यक्ष चौधरी सम्राट सिंह, जिलामंत्री राहुल साहू, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, समाजसेवी निशीथ गंगवार, नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, मण्डल अध्यक्ष सतपाल शर्मा, भाजपा नेता राहुल गुप्ता, महेन्द्र हिन्दू एवं मण्डल के कार्यकर्ता पदाधिकारी गणमान्य उपस्थित रहे।

कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की वीरता और बलिदान का प्रतीक है। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके बलिदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण दिन है।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा साथी समेत दबोचा, एक को लगी गोली

**■ आरोपियों ने कबूली कानों के कुंडल बाइक और मोबाइल की लूट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक और बड़ी कार्यवाही की।

पुलिस ने शुक्रवार की रात दो कुख्यात लुटेरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इसमें से एक को गोली लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानक. ारी के अनुसार यह मुठभेड़ शुक्रवार की रात उस वक्त हुई जब पुलिस टीम नियमित चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि दो संदिग्ध युवक अवैध हथियारों के साथ धनेटा से झुमका तिराहे की ओर जा रहे हैं। थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी की।



पुलिस द्वारा जानकारी में पता लगा कि जैसे ही बाइक सवारों को रोका गया। उन्होंने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त अवधेश सिंह के पैर में गोली लगी और उसे घायल हालत में काबू किया गया जबकि दूसरा लुटेरा विष्णु कश्यप मौके से ही पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों ने बरामद सामान और लूट का कबूलनामा किया पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस,एक नाजायज चाकू,4300 नगद,और लूटी गई काली स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में दोनों ने कई हालिया लूट की वारदातों को स्वीकार किया है। 20 जुलाई को इन्होंने एक व्यक्ति से बाइक और मोबाइल छीना था। एक महिला से सोने के कुंडल लूटकर 10,000 में बेचने की बात भी कुबूली है।

दोनों लुटेरे फतेहगंज पश्चिमी के सतुईया पट्टी गांव के निवासी हैं। इनके खिलाफ पहले से 307, 351आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनके तीसरे साथी महेन्द्र सिंह की तलाश में जुटी है। घायल अवधेश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि विष्णु को गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि ये कार्रवाई न सिर्फ एक सफलता है बल्कि समाज को यह साफ संदेश देती है कि अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। चाहे जितना चालाक अपराधी हो वह कानून की पकड़ से बच नहीं सकता। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह, चौकी प्रभारी अनूप कुमार, एसआई पवन कुमार, एसआई पुनीत मेहरा, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल कुलद. ीप सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार, कांस्टेबल लेखपाल शामिल रहे।

# अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**■ आश्रम पद्धति विद्यालय व छात्रावास का किया निरीक्षण छात्रों से शिक्षण के बारे में ली जानकारी**

**■ दलित वर्ग के लोग उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायत लेकर थाने आएं, तो उनकी समस्या को सुनकर नियमानुसार प्राथमिकी की जाए दर्ज**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत एवं सदस्यगण उमेश कठेरिया, संजय सिंह, नीरज गौतम तथा रमेश कुमार तूफानी द्वारा आज जनपद बरेली में विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

समिति द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया, जहां रहने वाले वृद्धजनों के साथ बातचीत कर उनके सुख-दुख की जानकारी ली गयी, और आश्रम में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी पूछा गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा वृद्धजनों को फल आदि भी वितरित किए गए। उक्त के उपरांत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचा. लित आश्रम पद्धति विद्यालय व छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया, और उपस्थित छात्रों से बात कर उनके रखरखाव में शिक्षण के बारे में भी जानकारी ली गयी।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण द्वारा बरेली मण्डल के अंतर्गत आने वाले समस्त जनपदों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के विशेष सन्दर्भ में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक स्थानीय सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई।

बैठक में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, अनुसूचित जातियों की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अनुसूचित



जातियों की पुत्रियों का विवाह, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, शिक्षा का अधिकार के अन्तर्गत दलित वर्ग के छात्र-छात्राओं का विद्यालयों में प्रवेश, वृद्धा आश्रमों में स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, स्टैंड अप इंडिया, मुद्रा लोन के अन्तर्गत दलित वर्ग के लोगों को रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं की मण्डल के जनपदवार समीक्षा की गयी।

बैठक में समिति द्वारा निर्देश दिए गए कि जब दलित वर्ग के लोग उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायत लेकर थानों में जाते हैं तो उनकी समस्या को सुना जाए, और नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में आयोग को शिकायतें पहुंचती हैं उससे स्पष्ट होता है कि स्थानीय स्तर पर शिकायतों का निस्तारण भली प्रकार नहीं हो रहा है। इस पर संवे. दनशीलता बरतते हुए कार्य किया जाए। बैठक में छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि अक्सर छात्रवृत्ति आवेदन में हेतु वेबसाइट कार्य नहीं करती है, जिस कारण छात्र आवेदन करने से वंचित रह जाते हैं। इसी प्रकार शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन करने में भी समस्याएं आती हैं, अतः इस समस्या का निस्तारण किया जाए। समिति द्वारा निर्देश दिए गए कि प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करें कि गरीब छात्रों पर फीस हेतु अनावश्यक दबाव न डालें, तथा उन्हें अवगत कराएं कि शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन किया गया है, जिसकी स्वीकृति होने पर धनराशि आ जाएगी।

बैठक में निर्देश दिए गए कि अभ्युदय योजना के अन्तर्गत दलित वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाए, तथा निगरानी समिति की बैठकें नियमित रूप से कराई जाएं।

बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त विकास निगम के अन्तर्गत संचालित आदर्श ग्राम योजना की जिलेवार समीक्षा की गयी, जिसमें बदायूं जनपद द्वारा अवगत कराया गया कि उनके यहां योजना में 104 ग्राम चयनित हैं, जिसमें 70 ग्राम आदर्श घोषित हो चुके हैं, अवशेष हेतु कार्य योजना बनाई जा रही है। इसी प्रकार बरेली जनपद से अवगत कराया गया कि 55 ग्राम पंचायतों में 39 ग्राम पंचायतों को कार्यदायी योजना सिडको द्वारा कार्य करने हेतु धनरा. शि जारी की जा चुकी है, 18 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है। जनपद पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि उनके यहां 84 ग्राम चयनित हैं, जिसमें से 20 ग्राम में कार्य पूर्ण हो चुका है। जनपद शाहजहांपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके यहां से 174 ग्राम चयनित हैं, जिसमें से 74 का पैसा मिला है, 20 ग्रामों का कार्य पूर्ण हो गया है अवशेष 54 में कार्य चल रहा है।

बैठक में समिति द्वारा निर्देश दिए गए कि 70 प्लस आयु वर्ग के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं, जिसपर मुख्य चिकित्साधिकारी बरेली द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बरेली में 70 प्लस आयु वर्ग के लोगों के 29 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष महानगर अधीर सक्सेना व अधिकारियों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक दिव्यांग कल्याण अधिकारी, अपर निदेशक स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्साधिकारी बरेली, उप निद. ेशक समाज कल्याण, जीएम डीआईसी, जिला विकास अधिकारी, बरेली मण्डल के चारों जनपदों के समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक क्राइम बरेली सहित मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत मतदाताओं की मौज ही मौज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 29 जुलाई को होने वाले एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शनिवार को अध्यक्ष पद के एक उम्मीदवार सहित कई ने अपने अधिवक्ता साथियों को जलपान और डिनर कराया।

शनिवार को अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने अपने सभी अधिवक्ता साथियों को सीट सीट भेजकर जलपान कराया। इतना ही नहीं उनके द्वारा लगवाए गए कुल्फी स्टाल पर लोगों को भारी भीड़ जुटी। अधिवक्ता साथियों ने उनके इस कार्यक्रम की जमकर तारीफ की।

इसके साथ ही सचिव पद का चुनाव लड़ रहे पुष्पाल सिंह ने अपने अधिवक्ता साथियों को कस्बे से सटे एक बस्ती में डिनर पार्टी देकर सबका मन जीत लिया। एक और सह सचिव पद का चुनाव लड़ रहे सोमपाल शर्मा ने भी अपने अधिवक्ता साथियों को उनकी सीट सीट पर जाकर जलपान कराया।

29 जुलाई को होने वाले बार के इस चुनाव में 188 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अभी तक निष्क्रिय दिख रहे इस चुनाव में शनिवार को अचानक तेजी दिखाई दी, और सभी दावेदार अपने अधिवक्ता साथियों से उनकी सीट सीट जाकर वोट मांगते नजर आए।

# पूर्व पालिका अध्यक्ष शहला के पति डाक्टर ताहिर सहित परिजनों के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया कुर्की वारंट

**■ पुलिस ने घर का सामान कुर्क कर भाई को भेजा जेल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तीन दशक बाद पूर्व पालिका अध्यक्ष शहला ताहिर के पति डॉक्टर ताहिर और उनके परि. जनों के खिलाफ कोर्ट ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कुर्की वारंट जारी किया है। कोर्ट द्वारा जारी किए गए इस कुर्की और गिरफ्तारी वारंट पर जहां पुलिस ने शनिवार को उनके घर का सामान कुर्क कर थाने में जमा करा दिया, वहीं पुलिस ने उनके एक भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिकः शहला ताहिर के पति डॉक्टर ताहिर की पहली पत्नी जिला रामपुर की भैंसोड़ी शरीफ के मरहूम सूफी मुन्ने मियां की पुत्री



गजाला द्वारा वर्ष 1993 में एक मुक. दमा दहेज उत्पीडन का दर्ज कराया था, जिसमें डॉक्टर ताहिर के अलावा उनके भाई मतीउननवी, लुतफुनवी, नवी हसन, मो० हसन सहित आठ लोगों को आरोपी बनाया गया था।

कोर्ट द्वारा जारी किए गए कुर्की और गिरफ्तारी वारंट पर शनिवार को चौकी इंचार्ज विवेक कुमार और महिला इंस्पेक्टर सरिता चौधरी ने पीएसी बल के साथ पूर्व पालिका अध्यक्ष शहला ताहिर के पति डॉक्टर ताहिर के इस्लाम नगर स्थित आवास पर छापामारी करते हुए पहले उनके अस्वस्थ चल रहे बड़े भाई लुतफुननवी को गिरफ्तार कर थाने लाई, उसके बाद घर के सामान की कुर्की की। पुलिस को घर के सारे सामान की लिस्ट बनाने में कई घंटे लग गए।

पुलिस ने बताया कि जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट में से मतीउननबी, नवी हसन के साथ ही एक महिला की मौत होने की जानकारी मिली है, शेष लोगों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

पुलिस जब डॉक्टर ताहिर के घर की कुर्की की कार्यवाही कर रही थी थी तो उस समय बस्ती के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। भीड़ को देखते हुए चौकी इंचार्ज को अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा था। चौकी इंचार्ज विवेक कुमार ने बताया कि कोर्ट से मिले कुर्की आदेशों पर घर का सामान कुर्क किया गया है, और एक आरा. ेपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जहां कुछ लोग नहीं मिल पाए हैं, जल्द ही उनकी तस्दीक कराकर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नकल विहीन तथा निर्विघ्न परीक्षा सम्पन्न कराना हमारा दायित्वः डीएम

**■ सभी सेक्टर तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेंटरों का कर लें निरीक्षणः डीएम**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज आयोजित होने वाली लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 को सकुशल, नकल विहीन तथा निर्विघ्न सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेंटरों पर जाकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं देख लें कि केन्द्रों पर शत प्रतिशत सीसीटीवी कैमरा लग गए हों, तथा




उसकी ऑडियो तथा वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखी जाए। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर बायोमेट्रिक से उपस्थित शत प्रतिशत लगवाई जाए।

परीक्षा को संवेदनशीलता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। कांवड़ यात्रा में जिन मजिस्ट्रेट कि ड्यूटी लगी है वे समय से अपनी अपनी ड्यूटी पर पहुंच जाएं।

परीक्षा केन्द्रों के आसपास निर्धारित क्षेत्र में फोटो स्टेट की दुक. ानें बन्द रखी जाएं, तथा परीक्षा केंद्र के गेट पर देर तक भीड़ को इकट्ठा न होने दिया जाये।

उन्होंने कहा कि यदि किसी स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट को कोई समस्या आती है तो वह टोल फ्री नंबर 5812428188 तथा 5812422202 पर संपर्क कर सकते हैं।

अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 की लिखित परीक्षा 27 जुलाई (रविवार) को पूर्वान्ह 09.30 बजे से 12.30 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा हेतु जनपद में 43 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसपर 19656 परीक्षार्थी परीक्षा देंगें। उन्होंने अवगत कराया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये 43 स्टेटिक व 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं, इसके अतिरिक्त चार स्टेटिक व चार सेक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व में भी रखे गए हैं।

अपर जिलाधिकारी नगर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा से एक घण्टा 30 मिनट पूर्व से दिया जायेगा, तथा परीक्षा आरम्भ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का गेट बंद कर दिया जायेगा, और उसके बाद किसी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा, अतः सभी समय का विशेष ध्यान रखे।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह सहित समस्त स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

# हैरो के नीचे आने से मासूम की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरा में एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। 5 वर्षीय जैन पुत्र सद्दाम अपने दादा मुमताज के साथ खेत पर काम करने गया था। खेत की जुताई के दौरान वह ट्रैक्टर से गिर गया, और हैरो के नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल जैन को बहेड़ी के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे बरेली के लिए रैफर कर दिया। बरेली के एक निजी अस्पताल में जैन की मौत हो गई।

जैन की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी, तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है, और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है, और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया हरियाली तीज का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में स्थित रेड रोजिज पब्लिक स्कूल में शनिवार को हरियाली तीज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।जिसमें छात्राओं ने मेहंदी व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिदी।

स्कूल में अध्यापिकाओं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक अंदाज में मेहंदी लगा अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरा।इसके बाद बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।प्रधानाचार्य प्रियंका सक्सेना ने सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित कर अध्यापिकाओं को तीज की शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रबंधन ने सभी की कला की जमकर सराहना की। इस मौके पर स्कूल के समस्त शिक्षक व स्टॉफ मौजूद रहा।

# महिला पीडीए पंचायत में महिलाओं ने भाजपा सरकार से मुक्ति का किया आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नगर बहेड़ी की महिला पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत की अध्यक्षता बहेड़ी जॉन प्रभारी अखलाक अहमद नेताजी ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव व पूर्व मंत्री एवं विधायक अताउर्रहमान ने महिला पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई की सबसे बुरी मार महिलाओं पर पड़ी है।

महिला सपा नेता परवीन जहां ने कहा कि हर वर्ग की महिलाएं भाजपा सरकार से परेशान हो चुकी हैं, और अब 2027 के चुनाव में महिलाओं ने तय किया है कि अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाना है, और पीडीए की सरकार बनाना है।

विधायक अताउर्रहमान ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐलान किया है कि समाजवादी की सरकार बनने पर हर महिला के खाते में 3000 रूपए प्रति माह दिए जाएंगे। इस महिला पीडीए पंचायत में विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खान, नगर अध्यक्ष लईक अहमद चांदनी एवं अखलाक अहमद नेताजी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।इस मौके पर ममता, जसोदा देवी, मुन्नी देवी, आशा देवी, शीला, निशा, सुनीता, सोनी, ममता, सुषमा हेमेंद्र, नन्ही, चमेली, नीरज शर्मा, माधुरी, गीता, प्रीति मौर्या, सीमा मौर्य, वंदना मौर्य, आशा मौर्य, नीम मौर्य, तेजरानी कश्यप, रूपा देवी प्रजापति, अनीसा, शाहजहां, शबाना, अमीर जहां, रुखसाना, सबीना शकील, नसीम जहां, आयशा, फिरदौस, तबस्सुम, मुन्नी, हसीना, अकीलन, शबाना, आयशा, नसरीन, सायरा, उजमा, शमीम बानो, अमीर जहां, शाजिया, कोषाध्यक्ष हर स्वरूप मौर्य, युवजन जिला उपाध्यक्ष राजू मौर्य, राम अवतार श्रीवास्तव, रफीक मंसूरी प्रधान, अंबेडकर वहिनी विधानसभा अध्यक्ष हरीश सागर, रिजवान शानू, इरशाद अली नेताजी आदि लोग मौजूद रहे।

# कारवान-ए-अदब की जानिब से होगा तीन दिवसीय मजलिस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** हजरत इमाम हुसैन अ.स. और शहीद ए कर्बला की याद में अजादारी का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में 28 जुलाई सोमवार से मोहल्ला गढ़य्या स्थित इमामबाड़ा वसी हैदर और इमामबाड़ा हकीम आगा साहब में कारवान-ए-अदब की जानिब से तीन दिवसीय मजलिसों का आयोजन किया जा रहा है। इन मजलिसों में सेंथल से तशरीफ ला रहे मौलाना फराज वास्ती रोजाना रात 8 बजे मजलिस को खिताब फरमाएंगे। वहीं कारवान-ए-अदब के संस्थापक समर अब्बास जैदी ने बताया कि मजलिसें समर अब्बास, महमूद हसन और गुलरेज हुसैन की सरपरस्ती में होंगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शहीदाने कर्बला का चेहलुम 15 अगस्त को अकीदत और गम के माहौल में मनाया जाएगा।

# आज होगी मेंहदी प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कसौधन वैश्य समिति द्वारा आयोजित किया जाने वाला नाग पंचमी मेला नगर में 29 जुलाई को लगेगा। मेले के मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर एमपी आर्य होंगे।

मेला अध्यक्ष राम कैलाश गुप्ता, महामंत्री शुभम गुप्ता और कोषाध्यक्ष निखिल गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आज 27 जुलाई को कस्बे के बल्देवराज सूरी बारात घर में मेहंदी प्रतियोगिता, कबड्डी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही मेला प्रांगण में छड़ी प्रतियोगिता होगी। इन प्रतियोगिताओं के विजई प्रतिभागियों को मेले में पुरस्कृत किया जाएगा। मेले के विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार होंगे। मेले की सफलता को लेकर वैश्य समाज द्वारा बड़े पैमाने पर इसकी तैयारी की जा रही है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# विकास खण्ड सैदनगर को आधारभूत अवसंरचना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विकास कार्य हेतु 1.5 करोड़ रुपये की मिलेगी प्रोत्साहन राशि**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नियोजन विभाग द्वारा प्रदेश के पिछड़े 108 विकास खण्डों का चयन कर 50 इण्डीकेटर्स पर कार्य कराया जा रहा है। जनपद में विकास खण्ड सैदनगर का चयन किया गया था, जिसमें 6 विषयगत क्षेत्रों के 50 इण्डीकेटर्स पर कार्य किया गया।

नियोजन विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में विषयगत क्षेत्रवार डेल्टा रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें विषयगत क्षेत्र- आधारभूत अवसंरचना में विकासखण्ड सैदनगर रामपुर को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुया है। जिसके लिए प्रदेश सरकार ने 150.00 लाख रूपये की प्रोत्साहन धनराशि के रूप में आवंटित किये जाने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्ड में निर्धारित पैरामीटर के अनुसार सभी संसाधनों के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड सैदनगर को वार्षिक ओवरऑल रैंकिंग में भी प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त हुआ है। आकांक्षात्मक विकास खण्डों की रैंकिंग में जनपद को मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आकांक्षात्मक विकासखंड में शासन द्वारा निर्धारित शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास पर विभिन्न विभागों के 50 संकेत पर कार्य योजना बनाकर प्रभावी तरीके से




लागू कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य एवं पोषण में 17 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिनमें मुख्य रूप गर्भवती महिलाओं का ए. एन.सी. पंजीकरण, पोषाहार वितरण, सस्थागत प्रसव, जनसामान्य की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच आदि सम्मिलित हैं। शिक्षा में 17 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से छात्रों का की सतत शिक्षा हेतु पंजीकरण, विषयान्तर्गत उच्च अंक प्राप्त होना, प्राथमिक स्तर पर कार्ययोजना बनाकर गणित, भाषा, सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान आदि का ज्ञान कराना।

कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं में 05 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एफ.पी.ओ. गठन, पशुओं का टीकाकरण, किसान सम्मान आदि सम्मिलित हैं। बुनियादी ढांचा में 05 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से हर घर जल, विभिन्न प्रकार के आवास योजना, स्वच्छता कार्यक्रम, पंचायत भवनों तक इन्टरनेट पहुंचाना आदि और सामा. जिक विकास में 06 इण्डीकेटर्स सम्मिलित हैं, जिसमें मुख्य रूप से वी.सी. प्वाइंट, डिजिटल साक्षरता, समूह गठन एवं कौशल विकास आदि सम्मिलित हैं।

# रामपुर को भरपूर मात्रा में प्राप्त हुई उर्वरक की रैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद रामपुर में निजी एवं सहका. रिता क्षेत्र में 8514 मीट्रिक टन यूरिया, 4008 मीट्रिक टन एन.पी.के. एवं 1463 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त 2653.29 मीट्रिक टन यूरिया की एक रैक सहकारिता विभाग को प्राप्त हो गयी है, जिसका जनपद की समस्त सहकारी समितियों पर प्रेषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद रामपुर में आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है। उन्होंने कृषकों से अपील की



है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करे एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता समिति को उपलब्ध कराये। इसके अतिरिक्त यदि किसी उर्वरक विक्रेता समिति द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक भाई अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है।

# सड़क हादसे में घायल हुए किशोर की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खण्ड विकास अधिकारी शाहबाद कार्यालय के निकट गुरुवार को दो बाइकों की भिड़ंत में घायल हुए चार लोगों में से एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम विकास खंड कार्यालय शाहबाद के निकट दो बाइकों की आपने सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चारों लोग घायल हुए थे, डॉक्टरों ने चारों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

परिजन हालत गंभीर देखते हुए रामपुर से मुरादाबाद ले गए जहां निजी अस्पताल में मोहल्ला फर्राशान निवासी 15 वर्षीय उजैर पुत्र नईम का



इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही शनिवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

हादसे की खबर के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

# कारगिल शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के दर्जनों पदाधिकारी ने ग्राम नवाबगंज पहुंचकर कारगिल में शहीद हुए सरदार बलजीत सिंह की मूर्ति के गले में फूल माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाना चाहिए और हमारे बिलासपुर जिला रामपुर का नाम रोशन करने वाले अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद सरदार बलजीत सिंह ने अपने परिवार माता-पिता का सीना चौड़ा किया है। यह जज्बा किसान व किसान के परिवारों में ही है जो देश और देशवा.



सियों के लिए सब कुछ अर्पण कर देते हैं देश का किसान अपने खेतों में बंजर जमीनों में अनाज पैदा कर देश को पालने का काम कर रहा है और किस का बेटा देश की सरहदों पर देश के दुश्मनों से लोहा ले रहा है और देश के दुश्मनों को खाक चढ़ा रहा है। शहीद सरदार बलजीत सिंह अमर रहे अमर रहे। शहीद सरदार बलजीत सिंह का परिवार जिंदाबाद जिंदाबाद और जिंदाबाद रहे हमेशा से प्रदेश सरकार से हम लोगों ने मांग रखी है। ग्राम नवाबगंज को तहसील बिलासपुर को एक हवाई अड्डा शाहिद बलजीत सिंह के नाम से बनाया जाए ग्राम नवाबगंज को विशेष ग्राम पंचायत का दर्जा प्रदेश सरकार दें किसानों के लिए कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने हाल ही में बिलासपुर के भाखड़ा डैम का नवीनीकरण कराया है जिससे क्षेत्र के किसानों को बहुत फायदा होगा। अब भाखड़ा डैम का नाम शहीद सरदार बलजीत के नाम से रखा जाए। इस मौके पर शहीद के परिवार से एवं गांव से सम्मानित परिवारजन मुराद खान, सलीम वारसी, इमरान खान, आरिफ अली, फैज खान, इकराम अली, श्याम मोहन पांडे, महेंद्र पाल सिंह, तरसेम सिंह, अब्दुल हसन पाशा, मतलूब अहमद, इरफान वारसी, मक्खन सिंह चौहान, संतोष कुमार, सिकंदर आदि शामिल रहे।

# थाना समाधन दिवस में आई सात शिकायतें, चार का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई सात शिकायतों में से चार का मौके पर हुआ निस्तारण। शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार अमित कुमार और प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत की अध्यक्षता में की गई। समाधान दिवस में सात शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमे से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग को सौपते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, उप निरीक्षक आदेश कुमार, अंशुल कुमार, लेखपाल मनोज कुमार, लखमेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# रामपुर में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पत्रकारों को मिले पर्याप्त सुरक्षा और चिकित्सा लाभ, अगली रणनीति को लेकर लिए गए बड़े फैसले, पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है परंतु पिछले कुछ समय से पत्रकारों पर हमले की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं और अब तो इतना साहस हो गया है कि पत्रकार कार्यालय पर ही हमला बोला जाने लगा है जो की बहुत ही निंदनीय है , ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता है, ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने रामपुर में बात कहीं।



इससे पहले दिल्ली से मेरठ पहुंचे ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी का रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खां, परवेज खां, असीम अजीज, सैफी निजामी साहब, नदीम मियां, नवाज खां, इमरान खां, शारिक खां, आदि ने भव्य स्वागत किया। इसके उपरान्त संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अम्बेडकर पार्क मूड फूड रेस्टुरेंट पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी एवं संचालन पत्रकार परवेज खां ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि मेरठ में एक पत्रकार कार्यालय पर हमले की सूचना मिली थी जिसका संगठन कड़े शब्दों में निंदा करता है , यह हमला केवल एक अखबार के कार्यालय पर नहीं अपितु पत्रकार जगत पर हुआ और जिसने भी यह हमला करवाया है उसको कानूनी रूप से सख्त जवाब दिया जाएगा। संगठन उक्त संस्था के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। संगठन के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने आगे कहा कि आज पत्रकार कहीं भी सुरक्षित नहीं है पहले एक समय था की सच बोलने और लिखने वाले का सम्मान किया जाता था लेकिन आज सच बोलने और लिखने वालों पर गोली चला दी जाती है। संगठन पत्रकार साथियों की सुरक्षा एवं उनकी चिकित्सा लाभ के लिए शीघ्र ही संबंधित मंत्रियों से मिलकर इस पर तेजी से कार्य करने की मांग करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि संगठन ने पिछले महीने पत्रकार साथियों का 5 लाख का बीमा करवाया था और अगली कड़ी में स्वास्थ्य मंत्रालय से मिलकर पत्रकारों के लिए निशुल्क इलाज का बीड़ा उठाया जाएगा। बैठक को मजबूत बनाने के लिए निर्देश दिए की संगठन में भले ही संख्या बल कम हो लेकिन ऐसे पत्रकार साथी हो संगठन के प्रति निष्ठा रखते हो और एक आवाज में एकत्रित हो सके। कहा कि पीलीभीत एवं रामपुर मे संगठन की इकाई का मजबूत गठन हो गया है और शीघ्र ही अन्य कई जिलों में भी गठन होने जा रहा है। बैठक में रामपुर जिला अध्यक्ष शाहबाज खां ने भी अपने विचार रखें।

# बदहाल रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** ग्राम लाडपुर निकट सेमरा मंसूरपुर से 800 मी. मार्ग लगभग काफी समय से कच्चा है जिस पर राहगीरों का आवागमन रहता है। स्कूल के बच्चे भी आते जाते हैं यह सड़क काफी समय से ऐसी ही पड़ी हुई है कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

जिला पंचायत सदस्य रियासत को प्रार्थना पत्र दिया है और तहसील दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया गया है और स्वतंत्र प्रभार प्रभारी जेपीएस राठौर को भी प्रार्थना पत्र दिया है और जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी को भी। इस मार्ग के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है यह सड़क



रहमतगंज सेमरा लालपुर और धर्मपुर को जोड़ती है थोड़ी ही बारिश के बाद इस सड़क पर निकलने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। काफी पानी भरा रहता है वह कीचड़ रहती है शनिवार को आसपास के ग्रामीणों ने मार्ग निर्माण न होने के विरोध में प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मार्ग दुरुस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर संजय कश्यप, रमेश चंद्र, ओम प्रकाश, अजय, सुनील कुमार, राजपाल सिंह, सुनील कुमार, विनोद कुमार आदि ने जिलाधिकारी समेत अन्य अफसर को पत्र भेजकर मार्ग दुरुस्त करने की मांग की है।

# थाना प्रभारी ने थाना समाधान दिवस सहित ड्रोनों को लेकर की गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजन किया गया जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित जमीनी स्तर की तीन फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई शनिवार को थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन। थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। प्रभारी ने बताया कि तीनों फरियादियों की शिकायतों पर संज्ञान में लेते हुए राजस्व विभाग की टीम को बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर राजस्व विभाग की टीम के साथ निस्तारण हेतु कांस्टेबलों को भेजा वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने ड्रोन उड़ने की अफवाहों को लेकर ड्रोन धारकों के साथ एक गोष्ठी भी की उनके नाम नंबर आदि अंकित करे और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कही भी ड्रोन चलाते हो अनुमति लेकर ही चलाए जिसमें उपस्थित ड्रोन धारकों सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# कंपोजिट इंग्लिश शराब की दुकान के निकट कैंटीन में बेची जा रही थी देसी शराब

**आबकारी विभाग ने की छापेमार कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** अंग्रेजी शराब की दुकान के निकट कैंटीन में आबकारी विभाग को देसी शराब के पव्वे मिले जिन्हें आबकारी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और दुकानदार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत चालान कार्रवाई की है।

शनिवार को आबकारी विभाग के क्षेत्रीय इंचार्ज रामपाल अपनी पुलिस टीम के साथ अंग्रेजी शराब की कंपोजिट दुकान के नजदीक कैंटीन में



छापे मार कार्रवाई की यहां आबकारी विभाग को छापामार कार्रवाई के दौरान10पव्वे देशी शराब के बरामद हुए यह देसी शराब यहां अवैध रूप से बेची जा रही थी। आबकारी विभाग बरामद शराब और कैंटीन संचालक को अपने साथ जिला मुख्यालय रामपुर ले गई यहां आबकारी विभाग ने आबकारी अधिनियम के तहत युवक का चालान कर दिया और जमानत पर रिहा कर दिया बताया जाता है कि जिस कैंटीन संचालक के यहां से देसी शराब बरामद हुई उसकी दुकानों में ही कंपोजिट अंग्रेजी की शराब की दुकान चलाई जा रही है जिसको लेकर हड़कंप मच गया क्षेत्रीय इंचार्ज ने बताया की देसी शराब अवैध रूप से बेची जा रही थी जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# वकीलों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सीनीयर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने तहसील में भ्रष्टाचार फैलने का आरोप लगाया है। वहीं वकीलों ने जिलाधिकारी को बिंदुवार संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय में देकर तीन दिन तक सांकेतिक रूप से हड़ताल पर रहने की घोषणा की है।

शनिवार को दिये ज्ञापन में वकीलों ने आरोप लगाया है कि उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) द्वारा अधिवक्ताओ के प्रति अशोभनीय एंव अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। जिससे अधिवक्ताओ में काफी रोष है। और बिना सुविधा शुल्क के किसी भी पटल पर कोई कार्य नही हो रहा है। वकीलों का आरोप है कि उपजिलाधिकारी महोदय का अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी अंकुश नहीं है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष, गुरनाम सिंह संधू, अय्यूब, बृज किशोर दिवाकर, सरफराज अहमद, लक्ष्मण सिंह, महिपाल, हरस्वेरुप सिंह, मुखत्यार अहमद, विक्रम सिंह संधू, सुन्दर लाल, चन्द्रपाल सिंह सागर, कमल दिवाकर, संदीप सिह सन्धू, आदिल, अनुज गौतम, राजू पाल, नन्द किशोर आदि वकील शामिल रहे।

# पीडब्ल्यूडी का नाला 24 घंटे में ही गिरा सभासद सहित दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नरपत नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में रोड चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी का नाला निर्माण कार्य चल रहा है। नरपतनगर मार्केट में लगभग 30 मीटर नाले को बने हुए अभी 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि नाले की दीवारें भर भरा कर गिर गई। जिससे नगरवा. सियों ने जब सुबह देखा तो पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का विरोध प्रदर्शन किया और उन्होंने आरोप लगाया कि नाले में गुणवत्ता के हिसाब से माल नही लग रहा है। और नगर पंचायत चेयरमैन खालिद अली को इसकी सूचना दी,चेयरमैन खालिद अली



मौके पर पहुचे और तत्काल पीडब्ल्यूडी ठेकेदार को बुलाया और घटिया सामग्री लगाने और गुणवत्ता का ध्यान ना रखने का आरोप लगाया है।

चेयरमैन खालिद अली ने कहा है कि नगर में चल रहे नाले निर्माण की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है जो बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालो में सभासद मो रफी,इमरान अहमद, बब्लू, शमशाद प्रधान महबूब अली, शाहनवाज हुसैन, सरफराज मास्टर, मोनीश अहमद आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कोतवाली शाहबाद क्षेत्र के गांव परौता निवासी सोहन सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री लक्ष्मी दिनांक- 23 07.2025 को गाँव में लग रहे शिव तेरस के मेला में सुबह लगभग 4:30 बजे अपने भाई विकास के साथ कावड चढ़ाने शिव मन्दिर परौता गई थी।

मन्दिर पर भीड-भाड अधिक होने के कारण वह अपने भाई से विछड़ गई कावड चढाने के बाद विकास ने लक्ष्मी को तलाश करने का बहुत प्रयास किया। लेकिन लक्ष्मी का पता नहीं चल पाया कल शाम काफी छान बीन के बाद पता चला की मेरी बेटी का गांव के ही जितेन्द्र पुत्र राकेश निवासी ग्राम परौता द्वार जबरन बहला फुसला कर गया है।

मेरी बेटी को ले जाने में विजय सिह पुत्र राजवीर व पुष्पेन्द्र पुत्र राकेश निवासीगण ग्राम परौता व श्याम पुत्र महीपाल निवासी ग्राम फतेहपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद व कमल सिंह पुत्र नमालूग निवासी ग्राम रामपुर पटटी थाना बिलारी जिला मुरादावाद का सहयोग व शामिल है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# शिक्षकों ने कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** शनिवार को विकास भारती स्कूल में कारगिल विजय दिवस को गर्व और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता एवं समस्त शिक्षकों ने एकत्रित होकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन से की गई, जिसके माध्यम से शहीदों के बलिदान को स्मरण किया गया। इसके पश्चात शिक्षकों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए और भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया।



प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा, कारगिल विजय दिवस हमें देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की वीरता और समर्पण की याद दिलाता है। हम सबका यह कर्तव्य है कि हम अपने कार्यों के माध्यम से राष्ट्र की सेवा में योगदान दें। इस मौके पर दलबीर सिंह आसरा विशाल, नाज विक्रम सौरभ माधुरी सौरभ उमेश प्रवीण कुमार अनिल अमन अनामिका अमिता ,फरीद आदि शामिल रहे।

# भजनों पर नाचते गाते आगे बढ़ रहे हैं कांवड़िए

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सावन के तृतीय सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये ब्रजघाट से कांवड़ लेकर मंजिलों की ओर बढ़ रहे हैं। हाइवे पर भगवान शिव के जयकारे गूंज रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस मुस्तैद है। जगह जगह पुलिस पिकेट तैनात हैं।

28 जुलाई को सावन माह का तीसरा सोमवार होगा। शनिवार को ब्रजघाट से कांवड़ियों के जत्थे कांवड़ लेकर अपनी मंजिल की ओर रवाना हुए। पुरुषों के साथ साथ महिला श्रद्धालु भी पूर्ण उत्साह और भक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही थीं। कांवड़ियों के जत्थे में सुन्दर झांकियां भी सम्मिलित थीं जो कि नगरवासियों का मन मोहित कर रहीं थीं। कांवड़ियों के जत्थे नगर से होकर गुजरने के कारण नगर का वातावरण भी भक्तिमयी हो गया। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने कांवड़ मार्ग पर भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वहीं कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत हाइवे की एक लेन को कांवड़ियों के लिये और दूसरी लेन को हल्के वाहनों के लिये रिजर्व किया गया।

**आस्था**

**सोमवार को करेंगे भगवान शिव का जलाभिषेक**



# राह भटके युवकों को चोर समझकर पीटा

## चार युवक घायल, कार में की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** संभल जिले के मिलकपुर नवादा गांव निवासी पांच युवक जब शुक्रवार रात पानीपत से लौटते वक्त रास्ता भटककर डिडौली क्षेत्र के पतेई खालसा गांव पहुंचे, तो उन्हें चोर समझकर ग्रामीणों ने घेर लिया। अफवाह के बीच भीड़ ने कार में तोड़फोड़ की और युवकों को जमकर पीटा। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दरअसल, संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मिल. कपुर नवादा में शखावत हुसैन का परिवार रहता है। उनका बेटा आसिफ शुक्रवार रात अपने साथी मुशाहिद, अंकित, तहजीबुल के अलावा दो अन्य युवकों के साथ ट्राइवर कार में सवार होकर पानीपत से घर लौट रहा था। बताया जा रहा है ये सभी पानीपत में एक रूई फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। रात में करीब 9:30 बजे डिडौली क्षेत्र से गुजरते समय ये सभी रास्ता भटककर क्षेत्र के गांव पतेई खालसा पहुंच गए। वहीं, चोरों की अफवाहों के बीच गांव में पहरा दे रहे ग्रामीणों ने चोर समझकर कार को घेर लिया। इतनी ही देर में पूरे गांव में चोर पकड़े जाने का शोर मच गया। देखते ही देखते मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। चोर होने के शक में ग्रामीणों ने कार में तोड़फोड़ करते हुए युवकों जमकर पीटना शुरू कर दिया। हमले में आसिफ के अलावा मुशाहिद, अंकित, तहजीब. ल लहूलुहान हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया तथा घायलों को हाईवे स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित आसिफ की तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। वीडियो से मारपीट में शामिल रहे चेहरों की पहचान की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# खेत पर जा रहे युवकों को दबंगों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बुग्गी में गोबर लेकर खेत पर जा रहे युवक को रास्ते में रोक कर दबंगों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल युवक परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरो. पियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की है।पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मटेना निवासी राहुल पुत्र तिरखा शुक्रवार की शाम कुछ युवकों के साथ गांव में ही बैठा हुआ था। तभी गांव का एक युवक शराब के नशे में वहां आ गया और राहुल को घूरने लगा। राहुल द्वारा मना करने पर कहासुनी होने लगी। साथी युवकों द्वारा बीच बचाव कर दिया गया। शनिवार की सुबह राहुल बैल बुग्गी में गोबर खेत पर ले जा रहा था तभी रास्ते में दबंगों द्वारा उसे रोक लिया गया और उसके साथ मारपीट करने लगे मारपीट के दौरान राहुल के सिर पर चोट लगने से वह घायल हो गया। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचा और आरोपी दबंगों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी ।पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए, सीएचसी भेजा। घायल राहुल ने गांव के ही चार दबंग के खिलाफ तहरीर दी है।

# बाग की रखवाली कर रहे युवकों को समझा चोर, जमकर पीटा

## गांव में दहशत, चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नसीरपुर शुमाली में शुक्रवार रात ऐसी दिल दहला देने वाली वारदात हुई, जिसने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए, बल्कि इंसानियत को भी कटघरे में ला खड़ा किया। आम के बाग की रखवाली कर रहे युवकों पर ग्रामीणों ने चोर होने का शक जताकर जो कहर बरपाया, उसने जंगलराज की तस्वीर पेश कर दी।

पीरजादगान मोहल्ला निवासी डालचंद्र अपने साथियों नसीम, इस्लाम और एक अन्य युवक के साथ आम के बाग की रखवाली कर रहा था। रात करीब नौ बजे के आसपास गांव नसीरपुर निवासी गौरव, सुखवीर, नौसिह, समरपाल और जितेंद्र प्रधान करीब 60 अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचे और बिना कुछ पूछे युवकों को घेरकर स्चोर-चोर का शोर मचाते हुए उन पर टूट पड़े। युवकों ने अपनी सफाई देने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उन्हें लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से बुरी तरह पीटा। जान बचाने के लिए चारों युवक खेतों में भागे, लेकिन हमलाव. रों ने घेरकर बर्बरता से हमला किया। किसी तरह घायलों ने 112 पर कॉल करने की कोशिश की, लेकिन नेटवर्क फेल हो गया। इतना ही नहीं, बाग में खड़ी गाड़ी को भी हमलावरों ने निशाना बनाकर तोड़ डाला। फायरिंग की भी बात सामने आ रही है, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवकों को बछरायूं से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने गंभीर धाराओं में गौरव, सुखवीर, नौसिह, समरपाल और जितेंद्र प्रधान समेत 60 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ताजा अपडेट के अनुसार पुलिस ने चार आरोपियों गौरव पुत्र जगदीश सैनी, सुखवीर पुत्र शिवचरण, नौसिह पुत्र हरदेव व समरपाल पुत्र रामसिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी हमलावरों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।



# टीएसआई के खाते से उड़ाए 67 हजार

## साइबर अपराधियों ने बनाया निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने टीएसआई के खाते से दो बार में 67 हजार रुपये उड़ा लिए गए। मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने का अलर्ट मैसेज आते ही टीएसआई के होश उड़ गए। साइबर थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से गाजियाबाद निवासी उपनिरीक्षक राजीव कुमार की तैनाती अमरोहा जिले में है। यहां वह यातायात शाखा में टीएसआई के पद पर ड्यूटी कर रहे हैं। बीती चार जून को टीएसआई राजीव कुमार ने प्ले स्टोर से कोई ऐप डाउनलोड किया था। इसके बाद उनके खाते से दो बार में 67480 रुपये कट गए। बैंक द्वारा मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने का मैसेज मिलने पर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत बैंक स्टाफ से संपर्क करते हुए खाते से लेनदेन पर रोक लगवाई तथा मामले की शिकायत साइबर थाने में की। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शुरूआती जांच में पता चला है कि ऐप डाउनलोड करने के बाद साइबर अपराधियों ने खाता ट्रेस किया है। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# रचनाकारों ने अपने शब्दों से किया कारगिल शहीदों को नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 'जरा याद करो कुर्बानी' विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का शानदार आयोजन किया गया। ओज के विख्यात कवि डॉ०राहुल अवस्थी के शानदार संचालन में वरिष्ठ कवयित्री शशि त्यागी, युवा गजलकार सफर अमरोही, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं कवि डॉ० यतेन्द्र कटारिया, युवा कवि हर्ष अमरोही, कारगिल शहीद अरविन्द सिंह की भाभी एवं कवयित्री हरमिन्दर कौर समेत एक दर्जन कवियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत एक दर्जन से अधिक रचनाएं सनाकर कारगिल शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, प्रतिकुलाधिपति डॉ० राजीव त्यागी, जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, भाजयुमो अध्यक्ष शुभम चौधरी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने देशभर से आये कवियों एवं साहित्यकारों को शॉल, पगडी, पटका, तुलसी पौधा, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कारगिल विजय दिवस पर अमेरिका में आयोजित 'वर्ल्ड पुलिस गेम्स 2025' में स्वर्ण विजेता अंशु चौधरी को भी शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा कवि सफर अमरोही ने अपनी पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि, 'ए जिन्दगी तेरा हर इम्तिहान कबूल है, मैं जुनून से जीता हूँ, यही मेरा उसूल है।' कार्यक्रम में डॉ.राहुल अवस्थी, डॉ.मधु चतुर्वेदी, डॉ.यतेन्द्र कटारिया, डॉ.शशि त्यागी, हर्ष अमरोही आदि कवि एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से प्रस्तुत सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कुलपति प्रो०कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ०पीयूष पाण्डेय, डॉ० राजेश सिंह, डॉ० राजवर्धन, डॉ०योगेश्वर शर्मा, डॉ०नीतू पंवार, नसीम अहमद, अरूण गोस्वमी, डॉ० स्नेहलता गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

**कारगिल विजय दिवस**

**जरा याद करो कुर्बानी' विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह**




# ग्रामीणों ने बदमाशों पर किया पथराव

## रातों को जागकर पहरा दे रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** दो गांवों में चोर चोरी करने के इरादे से घरों में घुस गये। चोरों पर ग्रामीणों ने पथराव भी कर दिया। गाँवो में जाग होने के कारण चोर खाली हाथ लौट गये। ग्रामीण रातों को जागकर पहरा दे रहे हैं।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव बरतोरा में बीती रात चोर गांव के बाहरी छोर पर स्थित जसवंत सिंह के घर में घुस गये। घर में हो रही रोशनी को समाप्त करने के उद्देश्य वहां जल रहे बल्ब को उतारने लगे। इस दौरान पड़ोसी की नजर जसवंत के घर में खड़े चार बदमाशों पर पड़ी तो उसने उसे फोन कर दिया। जाग होने पर चोर वहां से फरार हो गये। उसके बाद चोर बंद पड़े एक वाल्मीकि के घर में घुस गये। जाग होने पर वहां से भाग गये।एक चोर जीने के नीचे छुप गया। लेकिन जब ग्रामीणों की भीड़ वहां पर जमा हो गई तो चोर वहां से निकलकर छत पर चढ़ गया तथा पीछे को कूद कर जंगल में फरार हो गया। रात ही कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश जगत सिंह के घर के पास खड़े थे। जाग होने पर जगत सिंह व परिवार ने बदमाशों पर पथराव करना शुरू कर दिया। जिससे वह वहां से भाग गये। उसके बाद बदमाश पड़ोसी गांव पिपलोती कलां में पहुंच गये। लेकिन यहां पर ग्रामीणों द्वारा जागकर पहरा दिया जा रहा था। यह देखकर चोर कब्रिस्तान के बराबर में होकर निकल गये। ग्रामीण क्षेत्र में चोर होने की दहशत फैली हुई है। ग्रामीण रातों को जागकर पहरा दे रहे हैं। यदि दोनों गाँवो में रात ग्रामीण जाग नहीं रहे होते तो यकीनी रूप से घटना भी घटित हो सकती थी। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया पिपलोती गांव की उनके पास कोई सूचना नहीं है।

# भाई की मौत के बाद खाते से उड़ाए साढ़े चार लाख

## दिव्यांग भतीजे की देखभाल के बहाने रुके थे घर पर, लाखों की कर दी हेराफेरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हार्ट अटैक से प्रवक्ता की मौत के बाद छोटे भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उनके खाते से 3.51 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इतना ही नहीं दोनों ने बेडरूम की अलमारी में रखी एक लाख रुपये की नकदी व दो मोबाइल फोन पर भी हाथ साफ किया। प्रवक्ता की पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला शहर के मोहल्ला मोहम्मदी सराय से जुड़ा है। यहां रहने वाले मनोज गौड़ शहर के जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे। बीती 24 जून की सुबह घर में योगा करते समय मनोज गौड़ की हार्ट अटैक से आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी रेनू के मुता. बिक अपने दिव्यांग बेटे रोहन की देखभाल के लिए उन्होंने देवर विमल व देवरानी पल्लवी को घर पर रोक लिया था। आरोप है कि इन दोनों ने मौके का फायदा उठाते हुए बेडरूम की अलमारी में रखी एक लाख रुपये की नकदी तथा पति मनोज गौड़ के दो मोबाइल गायब कर दिए। इसके बाद 25 जून से 4 जुलाई के बीच उनके खाते से लगभग 3.51 लाख रुपये को धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रेनू को इस बात की जानकारी 6 जुलाई को उस समय हुई जब वह अपने ममेरे भाई अर्पित व पड़ोसी परवेज के साथ खाते से जुड़ी जानकारी लेने के लिए बैंक पहुंचीं। स्टेटमेंट देख उनके होश उड़ गए, पति मनोज गौड़ की मृत्यु के बाद उनके खाते से यह धनराशि निकाली गई थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में आरोपी विमल व उसकी पत्नी पल्लवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**मृतक प्रवक्ता की पत्नी की तहरीर पर देवर व देवरानी पर मुकदमा**

# तीज के अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जय गोविंद पब्लिक स्कूल में तीज के अवसर पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 8 की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा 8 की छात्राआयशा प्रथम, रहनुमा कक्षा 5 को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। मनतशा कक्षा 8 को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सानिया, रानिया, अलीशा, सोनिका, इलमा आदि मौजूद रहे। दौरान स्कूल प्रबंधक सरल कुमार एवं प्रधानाचार्य रिफाउल हसन ने विजेता छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# दुकानों पर भगवान वराह का चित्र लगाएं सनातनी दुकानदार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** विश्व हिन्दू परिषद में संत मार्गदर्शन एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य यशवीर महाराज का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि, कांवड़ियों का धर्मभ्रष्ट करने के लिये जिहादी गैंग के लोगों ने कांवड़ मार्गों पर हिंदू देवी-देवाओं के नाम से होटल-ढाबे खोल रखे हैं। इनसे कांवड़ियों को आगाह रहना है। इसलिए वे सनातन धर्म के लोगों को जागरूक करने के लिये प्रयासरत हैं। कहा कि हरिद्वार कांवड़ मार्ग पर अनेकों ऐसे लोग हैं जो कि सनातनी देवी देवताओं के नाम पर होटल आदि चला रहे हैं और सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की मुहिम चला रहे हैं। ब्रजघाट कांवड़ मार्ग पर भी यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से जुड़े दुकानदार अपनी दुकानों पर भगवान वराह का चित्र लगाएं और मोटे मोटे अक्षरों में प्रतिष्ठान का नाम लिखाएं। उन्होंने संभल के विधायक इकबाल महमूद द्वारा कांवड़ियों को गुंडा कहने वाले बयान पर कहा कि संभल में वह खुद गुंडे हैं। कहा कि ये उनकी सनातन धर्म के कांवड़ियों के प्रति कुत्सित मानसिकता को दर्शाने वाला बयान है जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम ही कम है। उन्होंने कहा कि अमरोहा की डीएम, एसपी और अन्य पुलिस प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि कांवड़ मार्ग पर उन्हें कोई गड़बड़ी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। प्रेस वार्ता के बाद उन्होंने सनातनी दुकानदारों को भगवान वराह के चित्रों का वितरण किया और कहा कि अपनी दुकानों पर लगाएं। इस मौके पर अशोक सैनी, कुशाल चौधरी, हेमंत सारस्वत, पीयूष चौधरी, प्रीतम सिंह, विनोद गर्ग, प्रवीण वर्मा आदि मौजूद रहे।



**प्रेसवार्ता**

**कुछ जिहादी हिंदू देवी देवताओं के नाम पर चला रहे हैं होटल ढाबे**

# दिल्ली गए किसान की हादसे में मौत

## पिकअप में सब्जी लेकर जा रहे थे बेचने

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** कमानी टूटकर अनियंत्रित होकर पलटी पिकअप के नीचे दबने से किसान की मौत हो गई। तीन किसान घायल हो गये। किसान की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी आधा दर्जन से अधिक किसान शुक्रवार की शाम पिकअप में लौकी लादकर बेचने के लिए दिल्ली की गाजीपुर मंडी जा रहे थे। रात्रि 11 बजे जैसे ही पिकअप सिंभावली के पास बक्सर में पहुंची तो अचानक पिकअप की कमानी टूट गई। कमानी टूटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी ओमदत्त पुत्र राम कुंवर 35 वर्ष की मौके पर मौत हो गई।। जबकि गांव निवासी चन्द्रहास पुत्र तिरमल, रिसाल पुत्र पर्वत, दिपक पुत्र रमेश, आदि किसान गाड़ी के नीचे दब गये। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा मुश्किल से पिकअप के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें ओम दत्त पुत्र राम कुंवर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सभी घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया।किसान की मौत की सूचना मिलने पर परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। मृतक ने अपने पीछे पत्नी सहित तीन छोटे-छोटे बच्चे छोड़े हैं।





हसनपुर। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते शिक्षामित्र।

# पंचायत चुनाव का भुगतान कराया जाये

## शिक्षामित्र संघ ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। बताया कि तहसील क्षेत्र में कार्यरत शिक्षामित्रों के गत वर्ष के मानदेय का अभी तक भुगतान नहीं होने पर शिक्षा मित्र भड़क उठे है। कहा कि पिछले पंचायत चुनाव में शिक्षामित्रों ने बीएलओ ड्यूटी का कार्य किया था। लेकिन उसका मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। और इसके अलावा 2 वर्ष पूर्व नगर निकाय के चुनाव में नगर की सीमा के आसपास कार्यरत शिक्षामित्रों ने बीएलओ ड्यूटी कार्य किया था। उक्त ड्यूटी का भी मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। शिक्षामित्र ने एक स्वर में उप जिलाधिकारी से कहा कि अगर बकाया ड्यूटी के मानदेय का भुगतान नहीं कराया जाता है तो शिक्षामित्र बीएलओ ड्यूटी करने पर विचार करेंगे। साथ ही यह भी मांग की गई कि बीएलओ ड्यूटी दो से तीन किलोमीटर की परिधि में ही लगायी जाये। इस अवसर पर संघ के जिला संरक्षक रामवीर सिंह, जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान, ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, भूरे सिंह,दारा सिंह,असलम अली, हरपाल सिंह, उमेश चंद्र,देवेश चौहान , रोहताश सिंह, प्रदीप कुमार, मेघराज सिंह,राजपाल सिंह,पन्नादत्त आदि शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## निहाल-अखिलेश ने जीता एशियाई जूनियर ताइक्वांडों चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय एथलीट निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिए। मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में निहाल देवाली ने पुरुषों के 63 किलोग्राम और अल्मोड़ा निवासी अखिलेश सिंह ने 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्रमशः पुरुषों के 63 किलोग्राम और 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमें आप दोनों पर गर्व है।

## देव मीणा ने 2025 में तीसरी बार तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**जर्मनी, वार्ता।** भारत के देव कुमार मीणा ने एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के क्वालिफाइंग राउंड में पुरुषों का पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां देव कुमार मीणा ने इस साल कोच्चि में हुए फेडरेशन कप में दर्ज किए अपने 5-35 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए, अपने दूसरे प्रयास में 5-40 मीटर का नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह इस साल 20 वर्षीय मीणा ने तीसरी बार भारतीय पोल वॉल्ट राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा है। उन्होंने 2025 के राष्ट्रीय खेल में 5-32 मीटर की ऊंचाई पार करने के साथ यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था, जो 2022 में सुब्रमणि शिवा की 5-31 मीटर जंप के साथ उनके नाम दर्ज था।

# एशिया कप क्रिकेट यूएई में खेला जाएगा

**● 9 से 28 सितम्बर के बीच होगा टूर्नामेंट, आईसीसी चीफ बोले-शेड्यूल जल्द जारी होगा**




**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होगा और फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में होगा। नकवी जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं, ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी एशिया कप 2025 अब आधिकारिक रूप से यूएई में 9 से 28 सितम्बर तक खेला जाएगा। यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और हम सभी को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा। शेड्यूल की पूरी जानकारी जल्द साझा की जाएगी। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को आपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। इसलिए आईसीसी टूर्नामेंट को यूएई में करा रहा है। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। इस साल फरवरी-मार्च में हुई चैंपियंस ट्राफी के लिए टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं गई थी। भारत के सभी मैच यूएई में कराए गए थे, यही नहीं एक सेमीफाइनल और फाइनल भी यूएई में ही हुए थे। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा कर खिताब अपने नाम किया था। पाकिस्तान टीम पाकिस्तान की टीम साल 2023 में वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर आफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। 2008 के मुंबई हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद हैं। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीसी और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है तो दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुक.ाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्राडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं। टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाक का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था।

# तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने जीता कांस्य पदक

**● भारत के लिए यह ऐतिहासिक मौका रहा जिसमें एक ही संस्करण में दो महिला शटलर खेली**

**सोलो, वार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत का शानदार अभियान तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला द्वारा महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ समाप्त हुआ। यह भारत के लिए ऐतिहा.सिक पहला मौका था, क्योंकि इस प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में दो महिला एकल शटलर पोडियम पर पहुंची थीं।

एक रोमांचक सेमीफाइनल में, वेन्नाला कलागोटला ने चीन की लियू सी या के खिलाफ बहादुरी से मुकाबला किया। दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद, युवा भारतीय खिलाड़ी ने तीन मैच पॉइंट बचाकर स्कोर 18-20 कर दिया, लेकिन आखिरी क्षणों में हुई एक महत्वपूर्ण गलती के कारण लियू ने मुकाबला 21-15, 21-18 से जीत लिया। दूसरे कोर्ट पर, दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त चीन की यिन यी किंग से हुआ। पहला गेम 13-21 से हारने के बाद, तन्वी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, यिन ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 21-13, 21-14 से जीत हासिल की।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त



**● टिम डेविड नाबाद 107 रनों की तूफानी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है**

**बासटेयर, वार्ता।** टिम डेविड (नाबाद 107) की तूफानी शतकीय प्रहार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 23 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है। इसी साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 215 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 87 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। ग्लेन मैक्सवेल सात गेंद में (20) रनआउट हुए। इसके बाद जॉश इंग्लिस (15), मिचेल मार्श (22) और कैमरून ग्रीन (11) रन बनाकर आउट हुए।

ऐसे संकट के समय टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने तूफानी बल्लेबाजी का मुजा.हिरा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 16-1 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर छह विकेट से जीत दिला दी। डेविड ने केवल 16 गेंदों में तूफानी अर्द्धशतक बनाया जो कि ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 क्रिकेट में अब तक का सबसे तेज अर्द्धशतक है। टिम डेविड ने रिकार्ड 36 गेंदों में 11 छक्के और छह चौकों की मदद से (नाबाद 102) की पारी खेली।

यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से किसी भी बल्लेबाज द्वारा टी-20 में बनाया गया सबसे तेज शतक है। मिचेल ओवेन ने 16 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (नाबाद 36) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिए। जेसन होल्डर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# रूट के निशाने पर अब सचिन का विश्व रिकॉर्ड


**● जो रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए है, टेस्ट में उनसे ज्यादा सिर्फ सचिन तेंदुलकर, जैक कैलिस और रिकी पोंटिग के शतक है**



**मैनचेस्टर, वार्ता।** इंग्लैंड की रन मशीन जो रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक(150) लगाते हुए राहुल द्रविड़ (13,288), जैक कैलिस (13,289) और रिकी पॉन्टिंग (13,378) को एक झटके में पीछे छोड़ा और अब उनसे ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921) के रह गए हैं। रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए हैं।

टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं - तेंदुलकर (51), कैलिस (45) और पॉन्टिंग (41)। कुमार संगकारा के भी रूट के बराबर 38 शतक हैं। अब रूट के नाम टेस्ट में कुल 104 फिफ्टी-प्लस स्कोर हैं। इस मामले में वह पॉन्टिंग और कैलिस (103) से आगे चले गए हैं। अब सिर्फ तेंदुलकर (119) उनसे आगे हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 12 टेस्ट शतक लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक है। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (11) को पीछे छोड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक डॉन ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 19) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13) के नाम हैं। इनमें से 12 में से 9 शतक रूट ने इंग्लैंड में ही भारत के खिलाफ लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा घरेलू मैदान पर किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक है। उन्होंने ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 8) को पीछे छोड़ा। रूट ने इंग्लैंड में 23 टेस्ट शतक लगाए हैं। किसी भी देश में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। रिकी पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया), जैक्स कैलिस (साउथ अफ्रीका) और माहेला जयवर्धने (श्रीलंका) के भी 23-23 शतक हैं। इंग्लैंड में टेस्ट में रूट के 7195 रन हो गए हैं। किसी एक देश में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में वह तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया में 7578 रन) और तेंदुलकर (भारत में 7216 रन) हैं। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 टेस्ट रन बनाए हैं। इस मैदान पर 1000 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। यह उनका दूसरा मैदान है जहां उन्होंने 1000 से अधिक टेस्ट रन बनाए हैं। लॉर्ड्स में उनके 2166 रन हैं। रूट ने अब तक टेस्ट में रवींद्र जडेजा के खिलाफ 588 बनाए हैं। साथ ही वह 37 पारियों में नौ बार आउट हुए हैं। यह किसी बल्लेबाज द्वारा किसी एक गेंदबाज के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड स्टीवन स्मिथ के नाम था। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ 577 रन बनाए हैं।

# ओलंपिक चैंपियन नदीम ने कराई सर्जरी




### नीरज से मुकाबले पर लगा प्रश्नचिन्ह

**● अरशद नदीम ने आगामी विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया**

**लंदन, वार्ता।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के काफ (पिंडली की मांसपेशी) की सर्जरी कराये जाने के कारण अगले महीने सिलेसिया डायमंड लीग 2025 में नीरज चोपड़ा के साथ होने वाले बहु-प्रतीक्षित भाला फेंक मुकाबले पर अब प्रश्नचिन्ह लग गया है। समझा जाता है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अभी सर्जरी कराने का फैसला किया है। पेरिस 2024 ओलंपिक पुरुष भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता ने हाल ही में कैम्ब्रिज के स्पायर हॉस्पिटल में डॉ- अली बाजवा से अपने राइट काफ पर एक इंटरवेंशनल सर्जरी कराई। नदीम वर्तमान में लंदन में रिकवरी के दौर से गुजर रहे हैं। पोलैंड में 16 अगस्त को होने वाली सिल.ेसिया डायमंड लीग में भारत और पाक के इन दो सितारों के बीच पेरिस 2024 में उनके ऐतिहासिक मुक.ाबले के बाद पहली भिड़ंत होने की उम्मीद थी, जहां नदीम ने 92-97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो 2020 चैंपियन नीरज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था।

# सेटअप से बाहर होकर खराब तो लगता है: उमेश

**● यह एक सर्कल है आज मैं बाहर हूं कल कोई दूसरा खिलाड़ी बाहर होगा**

**गुरुग्राम, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जब से आई हैं तब से एक चक्र के बाद दूसरे चक्र में भारत नए खिलाड़ियों को आजमाता दिखा है। अलजक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, इशांत शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने अभी तक संन्यास नहीं लिया है लेकिन अब वह भारतीय सेटअप से बाहर ही हो गए हैं।

ऐसे ही एक तेज गेंदबाज़ उमेश यादव भी हैं, जिन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपना पिछला टेस्ट खेला था। गुरुग्राम में पिकलपॉक्स खेल के एक इवेंट में पहुंचे उमेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से बातचीत में कहा कि हर किसी को सेटअप से बाहर होना खराब लगता है।, लेकिन यह एक सर्कल है, आज मैं बाहर हूं कल कोई बाहर होता है, जो बदलाव आने हैं, वह तो आने ही है। लाइफ हमेशा ऐसे नहीं चलती है, सबके साथ ही ऐसा होता है। हम पहले साइकिल से चलते थे, लेकिन अब हवाई जहाज से सफर कर रहे हैं। ऐसे में कोई नया लड़का आएगा तो सीनियर को बाहर जाना होगा, प्रतिस्पर्धा होना तो भारतीय क्रिकेट के लिए और भी अच्छा है, तो यही लजदगी है। मैं अभी भी फिट हूं तो कुछ ना कुछ नई कोशिश में लगा रहता हूं। वापसी का मौका मिलेगा तो मैं हमेशा तैयार हूं। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज़ खेल रही है और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर गेंदबाज़ टीम में नहीं है, जसप्रीत बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलने की बात कह चुके हैं।

# एम्मा डीसी ओपन के सेमीफाइनल में



**● एम्मा रादुकानू ने मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग में 6-4, 7-5 से हराया**

**वाशिंगटन, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू ने यूनान की मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

क्वार्टर फाइनल में 22 वर्षीय खिलाड़ी रादुकानू ने अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए उमस भरी गर्मी के बीच दो घंटे छह मिनट चले मुकाबले में मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। अब सेमीफाइनल में रादुकानू का मुकाबला रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा। अन्ना कालिंस्काया ने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

## राजस्थान शतरंज संघ के चुनाव के लिए शर्मा चुनाव अधिकारी नियुक्त

**बीकानेर, वार्ता।** राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारिणी के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए सेवा.निवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शतरंज संघ के अध्यक्ष महावीर रांका ने शनिवार को बताया कि राजस्थान शतरंज संघ की कार्यकारणी का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। अगली कार्यकारिणी चुनने के लिए पूर्व न्यायाधीश शर्मा राजस्थान शतरंज संघ से संबद्ध जिला शतरंज संघों की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न करवायेंगे।

# वेदा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

**● वेदा कृष्णमूर्ति ने आज सोशल मीडिया पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेटर वेदा कृष्णमूर्ति ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। वेदा ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा कि एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे। कदुर में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ।

मैंने बल्ला उठाया, यह नहीं जानते हुए कि यह मुझे कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पता था कि मुझे इस खेल से प्यार है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मुझे संकरी गलियों से लेकर सबसे बड़े स्टेडियमों तक, खामोश उम्मीदों से लेकर गर्व से भारतीय जर्सी पहनने तक, इतना आगे ले जाएगा। क्रिकेट ने मुझे एक करियर से कहीं बढ़कर दिया। इसने मुझे एहसास दिलाया कि मैं कौन हूँ। इसने मुझे सिखाया कि कैसे लड़ना है, कैसे गिरना है और कैसे खुद को साबित करना है। आज, पूरे मन से, मैं इस अध्याय को विराम दे रही हूँ। मध्यक्रम की आक्रामक बल्लेबाज वेदा ने भारत के लिए 48 एकदिवसीय और 76 टी-20 मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार एमसीजी में 2020 टी-20 विश्वकप फाइनल में देश का प्रतिनिधित्व किया था, जबकि भारत के लिए उनका आखिरी एकदिवसीय मुकाबला उससे लगभग दो साल पहले, अप्रैल 2018 में मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ खेला था। वेदा ने 50 ओवरों के प्रारूप में 829 रन बनाये और तीन विकेट लिए तथा सबसे छोटे प्रारूप में 875 रन बनाये। वेदा ने कहा कि मेरे माता-पिता और भाई-बहनों, खासकर मेरी बहन, मेरी पहली टीम होने के लिए धन्यवाद। और मेरी निरंतर शक्ति। मेरे कोचों, कप्तानों और मार्गदर्शकों को, मुझे आकार देने के लिए धन्यवाद। बीसीसीआई को, भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान देने के लिए आभार। केएससीए, रेलवे और केआईओसी को, मुझे आगे बढ़ने का मौका देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मेरी टीम की साथियों को, आपने इस सफर के हर पल को सार्थक बनाया। हमने सब कुछ साझा किया है। जीत, हार और हंसी, जो हमेशा मेरे साथ रहेगी। आप कभी केवल टीम के साथी नहीं थे। आप परिवार थे। मेरे दोस्तों को, वहां मौजूद रहने के लिए धन्यवाद। कर्नाटक और रेलवे की कप्तानी करना मेरे लिए एक सम्मान की बात थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। उन टीमों ने मुझे आकार दिया, मुझे चुनौती दी और मुझे पूरे दिल से नेतृत्व करने की जगह दी। और भारत की उस जर्सी को पहनने के एहसास की बराबरी कोई नहीं कर सकता। राष्ट्रगान, एड्रेनालाईन, गर्व-ये सब हमेशा आपकी हड्डियों में बसता है। वेदा ने लिखा कि 2017 एक ऐसे विश्वकप का हिस्सा बनने के लिए क्या ही शानदार साल रहा जिसने भारत में महिला क्रिकेट के प्रति लोगों के नजरिए को बदल दिया। मुझे इस पर हमेशा गर्व रहेगा। फिजियो, ट्रेनर, सिलेक्टर और पर्दे के पीछे काम करने वाले हर व्यक्ति का धन्यवाद।

# राहुल-गिल ने भारतीय पारी को संभाला

**● मैनचेस्टर टेस्ट: दोनों में फिफ्टी की साझेदारी, इंडिया ने जीरो पर गंवा दिए थे दो विकेट, इंग्लैंड 669/10**




**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम मुश्किल में है। टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में 81 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। टीम इंग्लैंड से 230 रन पीछे है। केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद हैं। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। दोनों को क्रिस वोक्स ने पहले ओवर में आउट किया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर बनाया। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया के 656/8 के स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इस तरह इंग्लिश टीम को पहली पारी में 311 रन की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया पहली पारी में 358 रन पर आउट हुई। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओप.नर बेन डकेट ने 94, जैक क्राली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वाशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया। 25वें ओवर की आखिरी बाल पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल को जीवनदान मिला। ब्रायडन कार्स की आउट स्विंग बाल पर गिल ने पाइंट की दिशा में खेला। लियम डासन ने छलांग लगाकर कैच करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। 16वें ओवर में केएल राहुल और शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी कर पूरी कर ली है। टीम इंडिया ने शून्य के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन शून्य पर आउट हुए। मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन का पहला सेशन इंग्लैंड के नाम रहा है। 25.1 ओवर के इस सेशन में 126 रन बने और 5 विकेट गिरे। इनमें 2 विकेट इंडिया ने एक रन बनाने में गंवा दिए। वहीं, 544/7 से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड 669 रन पर आलआउट हो गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रनों की पारी खेली। 311 रन से पिछड़ रही भारतीय टीम ने दूसरी पारी के पहले ओवर में दो विकेट गंवाए।




आणंद। गुजरात में जिला अध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## हवा में टक्कर से बचने के लिए यात्री विमान को नीचे उतरना पड़ा, दो घायल

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया से उड़ान भरने वाले साउथवेस्ट के एक विमान को शुक्रवार को संभावित हवा में टक्कर से बचने के लिए नीचे उतरने पर मजबूर किया गया, जिससे दो परिचारक घायल हो गए। साउथवेस्ट फ्लाइट 1496 के चालक दल ने शुक्रवार दोपहर हॉलीवुड बरबैंक हवाई अड्डे से उतरते समय विमान में दो ट्रैफिक अलर्ट देखे, जिसके बाद उन्हें अलर्ट का पालन करने के लिए विमान को चढ़ाना और उतारना पड़ा। साउथवेस्ट एयरलाइंस के एक बयान के अनुसार, उड़ान लास वेगास के लिए रवाना हुई, जहां बिना किसी घटना के उतर गई।

# मालदीव के मामलों में किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: मुइज्जू

## मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को संबोधित कर रहे थे।

मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो। मालदीव की दो दिन की राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। पुलिस और रक्षा बलों को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि इसे लेकर पहले भी कई बार सवाल उठते रहे हैं। मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं ही मातृभूमि की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे। साथ ही उन्होंने माना कि मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा, और इस संबंध में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।



■ प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए: मालदीव राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने उन राष्ट्रीय नायकों को भी श्रद्धांजलि दी जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा को बनाए रखने की साझा जिम्मेदारी पर ज़ोर दिया। मालदीव की स्वतंत्रता के इतिहास की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को मज़बूत और आधुनिक बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

### मालदीव के उपराष्ट्रपति व पूर्व राष्ट्रपति से मिले मोदी

**माले/नई दिल्ली।** मालदीव की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां माले में वहां के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के साथ मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मोदी ने उपराष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कहा कि इस दौरान बातचीत भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केन्द्रित रही और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी और अधिक प्रगाढ होगी। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़ के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमारी चर्चा भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रही। हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। यह हमारे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आने वाले वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने की आशा करते हैं।

■ दोनों देशों के संबंधों पर हुई बात

### संक्षिप्त समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया: राजनेता गैरेथ वार्ड दुष्कर्म के दोषी पाए गए

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक राजनेता को दो युवकों के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। एक जूरी ने अभी भी राज्य संसद के सदस्य गैरेथ वार्ड को अभद्र हमले के तीन मामलों और बलात्कार के एक मामले में दोषी पाया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पीड़ितों, जिनकी उम्र 18 और 24 वर्ष थी, ने कहा कि 2013 और 2015 के बीच राजनीतिक हलकों के माध्यम से 44 वर्षीय वार्ड से मिलने के बाद उनके साथ वार्ड के घर पर मारपीट की गई थी। वर्ष 2021 में आरोप सामने आने पर वार्ड ने राज्य सरकार के मंत्री और लिबरल पार्टी से इस्तीफा दे दिया, लेकिन संसद छोड़ने से इनकार कर दिया और 2023 में कियामा के सदस्य के रूप में फिर से चुने गए। वार्ड इस साल के अंत में सजा सुनाए जाने के लिए अदालत में पेश होंगे।

#### थाईलैंड कंबोडिया संघर्ष का कारण राजनीतिक गलतियां: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** विशेषज्ञो का कहना है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हाल ही में बढ़ा तनाव महज दुर्घटना नहीं है बल्कि यह राजनीतिक गलतियों और राष्ट्रवादी प्रवृत्तियों की सुप्त आग को फिर से भड़काने का परिणाम है। मलेशिया में कुआलालंपुर स्थित मलाया विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबध एवं मानवाधिकार मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. खू यिंग हूई ने संवाद एजेंसी स्पुतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ताज़ा झड़पें लंबे समय से चले आ रहे तनाव और एक नई राजनीतिक चिंगारी का नतीजा हैं। थाईलैंड में शिनावात्रा और कंबोडिया में हुन परिवारो जैसे दो शक्तिशाली पक्षों से जुड़ा एक राजनीतिक नाटक इस मामले को और तूल दे रहा है।

# अमेरिकी कोर्ट से ट्रम्प को फिर बड़ा झटका

## जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करने की कोशिश पर लगी रोक



■ कई राज्यों ने दी थी आदेश को चुनौती
■ यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है: लियो सोरोकिन
■ लियो ने यह भी कहा: मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन के उस आदेश को रोक दिया है, जिसके जरिए अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इन्कार किया गया था।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह नियम लागू करना चाहा था कि अमेरिका में जन्मे ऐसे बच्चों को नागरिकता न दी जाए जिनके माता-पिता अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं या अस्थाई वीजा पर हैं। ट्रम्प प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ कई राज्यों ने अदालत में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह आदेश न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि इससे उन्हें उन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाएं देने में आर्थिक नुकसान भी होगा।

मामले में सुनवाई के दौरान बोस्टन के जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति केवल एक कलम से देश के कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रम्प का आदेश अमान्य रहेगा। बात अगर अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन की करें तो यह अमेरिका का वो संवैधानिक प्रावधान है जो कहता है कि अमेरिका में जन्मा हर व्यक्ति अमेरिकी नागरिक होगा चाहे उसके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो। गौरतलब है कि ट्रम्प के इस आदेश के खिलाफ पूरे अमेरिका में चर्चा तेज है। ऐसे में इस मामले में इससे पहले न्यू हैम्पशायर, सैन फ्रांसिस्को और मैरीलैंड की अदालतें भी इस आदेश को असंवैधानिक बता चुकी हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में निचली अदालतों को पूरे देश में रोक लगाने से मना किया था, लेकिन राज्यों और समूहों द्वारा दायर मुकदमों में अभी भी राष्ट्रव्यापी प्रभाव वाले फैसले दिए जा सकते हैं। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से अभी इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### ट्रम्प बोले: हमास की वजह से सीजफायर डील टूटी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में सीजफायर डील पर बातचीत टूटने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने आगे कहा मुझे लगता है कि हमास मरना चाहता है, और ये बहुत ही बुरी स्थिति है। अब वक्त आ गया है कि ये काम पूरा किया जाए। इससे कुछ हफ्ते पहले ट्रम्प ने कहा था कि गाजा में जल्द सीजफायर और बंधकों की रिहाई के लिए समझौता जल्द हो सकता है। इस हफ्ते ट्रम्प प्रशासन ने दोहा में चल रही बातचीत से अपने वार्ताकारों को वापस बुला लिया था। ट्रम्प ने कहा कि अब जब केवल कुछ ही बंधक बचे हैं, तो हमास की बातचीत में दिलचस्पी कम हो गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायली बंधकों की रिहाई में हमास सबसे बड़ी रुकावट है। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका अब मिलकर इस संकट से निपटने के लिए रास्ता खोज रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा हम अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि बंधकों को वापस लाया जा सके। हमास के आतंक के शासन को खत्म किया जा सके।

# ईरान में आतंकवादी हमले में आठ लोगों की मौत, 13 घायल

■ हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल
■ हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी दक्षिण-पूर्वी शहर ज़ाहेदान में न्याय विभाग की इमारत पर शनिवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और अन्य 13 घायल हो गए।

हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने ली है। ईरान ने इसे एक आतंकवादी समूह घोषित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्याय विभाग के परिसर में घुसते ही आतंकवादियों ने वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे हताहतों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि उसके जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। आईआरजीसी ने बताया कि हमले में घायल हुए कुछ लोगों की हालत गंभीर है। सुरक्षा बल ने स्थिति को नियंत्रण कर लिया है। ज़ाहेदान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के प्रमुख मोहम्मद-हसन मोहम्मदी ने एक बयान में कहा कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रांतीय अधिकारियों ने लोगों से न्याय विभाग और आसपास के इलाकों से दूर रहने का आह्वान किया है। सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने हाल के वर्षों में ईरानी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर कई घातक हमले किए हैं।

# पाक में भारी वर्षा के कारण अब तक 266 लोगों की मौत

■ बारिश से जुड़े हादसों में पाक के पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 30 दिनों के दौरान मूसलाधार बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में 266 लोगों की मौत हो गई और 633 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के कल जारी आंकड़ों में इस आशय की सूचना दी गई।

एनडीएमए की नवीनतम स्थिति रिपोर्ट के अनुसार हालांकि पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण कहीं से भी किसी की मृत्यु होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पांच लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। ये आंकड़े 26 जून से 25 जुलाई की अवधि के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बारिश से जुड़े हादसों में पंजाब में सबसे जयादा 144 लोग मारे गए और 493 घायल हुए। उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 63 लोगों की मौत और 79 अन्य के घायल होने की खबरें हैं। रिपोर्ट के अनुसार सिंध में 25 से लोग मारे गए हैं, जबकि 40 अन्य घायल हुए हैं। बलूचिस्तान में 16 लोगों की मृत्यु होने और चार अन्य के घायल होने की खबर है। गिलगिट-बाल्टिस्तान और इस्लामाबाद में आठ लोग मारे गए, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में दो लोगों की जानें गईं। एनडीएमए द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश भर से प्राप्त इन आंकड़ों में बच्चों की मृत्यु का अनुपात काफी जयादा है। इनमें 126 बच्चों की मृत्यु और 209 अन्य के घायल होने की खबर है।

### साद में यमनी सेना और हूतियों के बीच संघर्ष में 10 सैनिकों की मौत

**अदन, यमन।** उत्तरी प्रांत सादा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हूती मिलिशिया द्वारा किए गए बड़े पैमाने के हमले को नाकाम कर दिया गया है। यमन के सरकार समर्थक बलों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में बलों ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सादा प्रांत के उत्तर में अलेब सैन्य मोर्चे पर हूतियों के बड़े पैमाने के हमले को विफल कर दिया। बयान में कहा गया है कि इस संघर्ष में 10 सरकारी सैनिक मारे गए, जबकि दर्जनों दुश्मन लड़ाके मारे गए या घायल हुए। इसमें यह भी कहा गया है कि हूती आतंकवादियों के शव इलाके की घाटियों में बिखरे पड़े मिले और तीन हूती सैन्य वाहन नष्ट हो गए।

# इजरायली हमलों में मारे गए 25 फलस्तीनी

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह में शनिवार को इजरायली हवाई हमलों और गोलीबारी में 25 लोग मारे गए। इस बीच, अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुला लिया है और गाजा में फलस्तीनियों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य अधिकारियों और एंबुलेंस सेवा ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि ज्यादातर लोग जिकिम क्रासिंग के पास मदद के लिए ट्रकों का इंतजार करते समय मारे गए। इजरायली सेना ने इस घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अस्पताल और एंबुलेंस सेवा ने बताया कि हमलों में गाजा सिटी में चार लोग मारे गए, जो अपार्टमेंट पर थे। यह हमले ऐसे समय हुए हैं जब इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम वार्ता रुक गई है। अमेरिका और इजरायल ने अपनी वार्ता टीमों को वापस बुला लिया है, जिससे वार्ता के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम वार्ता के अलावा 'वैकल्पिक विकल्प' पर विचार कर रही है। वहीं, हमास के एक अधिकारी ने कहा कि वार्ताअगले सप्ताह फिर शुरू हो सकती है और उन्होंने इजरायली और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की वापसी को दबाव की रणनीति बताया। मिस्र और कतर ने कहा कि यह वार्ताएं अस्थाई रूप से रुकी हैं और फिर से शुरू होंगी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कब शुरू होंगी। ये दोनों देश अमेरिका के साथ मिलकर वार्ता में मध्यस्थता कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और विशेषज्ञों का कहना है कि बेबस फलस्तीनियों के लिए जल्द युद्धविराम होना जरूरी है। गाजा के फलस्तीनियों को भूखमरी का खतरा है और कुपोषण से मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। हालांकि, इजरायली सेना का कहना है कि वह बिना किसी रोकटोक के मदद के ट्रकों को गाजा में प्रवेश करने दे रही है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इजरायली सैन्य प्रतिबंधों और लूटपाट की घटनाओं के कारण मदद कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ दिन पहले भी जिकिम क्रासिंग पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें 79 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी, जो उसी क्रासिंग से मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। इजरायली सेना ने उस वक्त कहा था कि उसके सैनिकों ने उन हजारों फलस्तीनियों पर गोली चलाई जो खतरा पैदा कर रहे थे।

मदद पाने की कोशिश में कई घायल



■ अमेरिका और इजरायल ने युद्धविराम वार्ता के लिए भेजी गई टीमों को वापस बुलाया

# थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष में मौत का आंकड़ा 33 हुआ

## कंबोडिया बोला: पड़ोसी देश जानबूझकर जंग बढ़ा रहा, यूएन से संघर्ष रुकवाने की मांग

■ मरने वालों में कंबोडिया के आठ नागरिक, पांच सैनिक शामिल व 71 लोग घायल भी हुए

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक हजार साल पुराने दो शिव मंदिरों को लेकर शुरू हुआ संघर्ष तीसरे दिन भी जारी है। इस संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो गई है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक लड़ाई में उसके 13 लोगों की मौत हुई है।

इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। इसके अलावा 71 लोग घायल हुए हैं। वहीं, थाईलैंड के भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल है। कंबोडिया ने थाईलैंड पर जानबूझकर हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि थाई सेना उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रही है। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार को दावा किया कि मलेशिया की मध्यस्थता में 24 जुलाई की रात दोनों ही देश सीजफायर पर समहत हुए थे, लेकिन समझौते पर पहुंचने के 1 घंटे से भी कम वक्त में थाईलैंड ने अपना रुख बदल दिया और समझौते से हट गया। यूएन सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी बैठक में कंबोडिया ने जंग को रुकवाने की मांग की है। इस मीटिंग में थाईलैंड ने कंबोडिया पर सीमावर्ती इलाके में बारूदी सुरंगें बिछने का आरोप लगाया। थाई राजदूत ने कहा कि कंबोडिया ने ही हमले शुरू किए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने न्यूयार्क में बंद कमरे में एक आपात बैठक की। इसमें सभी 15 देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान निकालने की अपील की। कंबोडिया के यूएन राजदूत छेआ कीओ ने कहा हम बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं। हमारी कोई आक्रमण की मंशा नहीं है, हम एक छोटा देश हैं, हमारे पास एयरफोर्स तक नहीं है। विवाद को देखते हुए थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें भारतीय नागरिकों से थाईलैंड और कंबोडिया सीमा के पास 7 राज्यों में जाने से बचने की अपील की गई है। इनमें उबोन रत्चथानी, सुरिन, सिसाकेत, बुरीराम, सा काओ, चंथाबुरी और ट्राट शामिल हैं। इसके अलावा इमरजेंसी की स्थिति में दूतावास से संपर्क करने के लिए कहा गया है। कंबोडिया ने जंग शुरू होने के बाद पहली बार हताहतों की संख्या बताई है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अब तक 13 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 5 सैनिक हैं। वहीं, 71 घायल हुए हैं, जिसमें 21 सैनिक हैं। सबसे ज्यादा नुकसान ओड्डार मीनचे प्रांत में हुआ है। लड़ाई की वजह से हजारों लोगों को सुरक्षित जगहों पर पलायन करना पड़ा है।

### कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ जुड़े संघर्ष क्षेत्रों में उड़ानों पर लगाए प्रतिबंध

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के नागरिक उड्डयन राज्य सचिवालय (एसएससीए) ने उन क्षेत्रों में सभी उड़ानों को प्रतिबंधित कर दिया है, जहां कंबोडिया और थाईलैंड के बीच संघर्ष चल रहा है। एसएससीए के राज्य सचिव सिन चांसरे वुथा ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि सभी हवाई कंपनियों को सूचित कर दिया है कि संघर्ष क्षेत्रों से उड़ान न भरें और कोई भी जहाज समुद्री सतह से 12000 मीटर से कम की ऊंचाई पर न उड़े। पोइपेट शहर, पैलिन प्रांत और सिएम रीप प्रांत के कुछ हिस्सों को भी प्रतिबंधित क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। वुथा ने कहा कि सभी उपाय हवाई संचालन और नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए उठाये गए हैं।

# रूस ने गुप्त ड्रोन संयंत्र को किया सार्वजनिक

**मास्को।** रूस ने अपने ड्रोन संयंत्र और रूस के युद्ध प्रयास में इसके योगदान को सार्वजनिक करने का निर्णय लिया है और ड्रोन उत्पादन सुविधा के अंदर की पहली आधिकारिक झलक सार्वजनिक की है।

यह जानकारी सीएनएन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अलाबुगा के कारखाने में विशिष्ट काले, त्रिकोणीय ईरानी डिज़ाइन वाले हमलावर ड्रोन (जिन्हें रूसी भाषा में गेरान कहा जाता है) पंक्तियों में लगे हुए हैं जो देश के सबसे बड़े ड्रोन कारखानों में से एक है। यह रूस का मुख्य हमलावर ड्रोन कारखाना है जो यूक्रेनी शहरों पर क्रेमलिन के बढ़ते ड्रोन हमले में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इस बात के भी सबूत हैं कि युवाओं को न केवल अलाबुगा में ड्रोन संयोजन में बल्कि निर्माण कार्य में भी शामिल किया जा रहा है। अलाबुगा के महानिदेशक शगिवालेव ने कहा कि तीन वर्षों से ईरानी-डिज़ाइन किए गए शाहेद ड्रोन का उत्पादन करने वाला अलाबुगा अब पूरी तरह से ईरानी फैंचाइज़ी से पूरी तरह से स्थानीय उत्पादन में स्थानांतरित हो गया है। विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक डेविड अलब्राइट ने सीएनएन से कहा कि कारखाने पर से पर्दा उठाने का निर्णय दर्शाता है कि रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। अलाबुगा ने 2023 में शाहेद ड्रोन का उत्पादन शुरू किया और अब यह सस्ते संस्करण भी बना रहा है (जिन्हें गेरबेरा के नाम से जाना जाता है)। पिछले अगस्त में यूक्रेन पर रूसी ड्रोन हमलों में तेज़ी आने के साथ ही इस संयंत्र का विस्तार शुरू हो गया था।



■ रूसी अधिकारी ड्रोन बनाने की अपनी क्षमता पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं

# दर्शकों को खूब पसंद आ रही सैयारा



**मुंबई।** फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है। 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में लगी इस फिल्म ने शानदार ओपनिंग के साथ शुरुआत की। इसके पहले दिन की कमाई और दर्शकों की प्रतिक्रिया से ही अंदाजा हो गया कि यह फिल्म कमाल करने वाली है और ऐसा ही हो रहा है। हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही इस फिल्म ने आज शनिवार को नौवें दिन एक और उपलब्धि दर्ज की है। यह 200 करोड़ी बन गई है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 21.5 करोड़ रुपये जुटाए। महज चार दिनों में यह 100 करोड़ी बन गई थी। इस फिल्म ने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर 172.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। कल आठवें दिन इसकी

## नौवें दिन 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई सैयारा बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर, बनी 2025 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

कमाई 18 करोड़ रुपये रही। वहीं, खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक आज शनिवार को फिल्म ने अब तक 11.21 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। वीकएंड पर एक बार फिर दर्शकों की भीड़ इस फिल्म को देखने उमड़ पड़ी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 201.96 करोड़ रुपए हो गया है। देश के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी फिल्म का जलवा बरकरार है।

यह वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई है। वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में रेस में सिर्फ विक्की कौशल की फिल्म छावा इससे आगे है। सैयारा ने वर्ल्डवाइड 278.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं, छावा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 797.34 करोड़ रुपये है। इस साल की बाकी फिल्मों को सैयारा ने धूल चटा दी है। सितारे जमीन पर, हाउसफुल 5, रेड 2 सभी इससे पीछे हैं। फिल्म सैयारा एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा दोनों ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे हैं। पहली ही फिल्म से दोनों ने दर्शकों पर जादू कर दिया है। फिल्म सैयारा का बजट करीब 50 करोड़ रुपए है।

## सैयारा की सफलता के बाद पहली बार दिखाई दीं अनीत

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपनी पहली ही फिल्म सैयारा से सफलता का स्वाद चख चुकी हैं। फिल्म की सक्सेस के बाद अनीत को पहली बार पब्लिक प्लेस पर देख गया है। 23 जुलाई को अनीत मुंबई में एक सैलून से बाहर देखी गईं, जहां उनका सामना फोटोग्राफरों से हुआ। वायरल वीडियो में अनीत ब्लू डेनिम और मैचिंग शर्ट पहने नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा है। सैलून के बाहर फोटोग्राफर और भीड़ को देखकर वह चौंक जाती हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत कार तक ले जाया गया। अनीत न सिर्फ फोटोग्राफरों से बचते दिखीं बल्कि उन्होंने एक फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट को भी मना कर दिया। फैन की सेल्फी रिक्वेस्ट मना करने पर सोशल मीडिया पर मिक्स रिएक्शन मिल रहा है। कुछ लोगों ने अनीत को घमंडी कह रहे हैं, तो कुछ ने उनका बचाव किया। एक यूजर ने लिखा- वाह, क्या एटीट्यूड है। वहीं, अनीत के फैन ने उनका बचाव करते हुए लिखा- उस कैमरा और पैपराजी की आदत नहीं है। उसे कुछ समय दीजिए। वहीं, एक यूजर ने लिखा- यशराज ने उन्हें मीडिया से दूरी बनाने के लिए कहा है। अनीत के एक और फैन ने लिखा- यह उसका पहली बार है दोस्तों। उसे इसकी आदत नहीं है। बता दें कि अनीत पड्डा और अहान पांडे ने यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के साथ मोहित सूरी ने तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की है।



# वॉर 2 में कैमियो करेंगी आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी आदित्य चोपड़ा निर्मित फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है। वॉर 2 का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। चर्चा है कि वॉर 2 में आलिया भट्ट भी नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि आलिया इस फिल्म में एजेंट की भूमिका में नजर आने वाली है। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म वॉर 2 का ट्रेलर शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, मजेदार। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेरे नजदीकी सिनेमाघरों में मिलती हूं। इस पोस्ट के सामने आने के बाद से ही मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया भट्ट फिल्म वॉर 2 में कैमियो करती नजर आ सकती हैं। फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को हिदी, तेलुगु व तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# महावतार नरसिम्हा ने रिकॉर्ड तोड़ रेटिंग हासिल की

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स और क्लीम प्रोडक्शन्स की फिल्म महावतार नरसिम्हा ने आईएमडीबी और बुक माय शो पर रिकॉर्ड तोड़ रेटिग हासिल की है।

फिल्म महावतार नरसिम्हा, सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शानदार दृश्य, बड़ा पैमाना और दिलचस्प कहानी के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त कामयाबी के रूप में सामने आई है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा की खूबसूरती को अच्छे तरीके से दिखाती है। महावतार नरसिम्हा एक शानदार सिनेमाई अनुभव से कम नहीं है, जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। फिल्म को मिल रही जबरदस्त सराहना के बीच इसकी रेटिंग्स भी रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। बुक माय शो पर 9-8/10, गूगल पर 5/5 और आईएमडीबीपर 9-8/10। यह रेटिंग्स किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे ऊंची मानी जा रही हैं, जो दर्शकों से मिल रहे अपार प्यार और सम्मान को साफ दिखाती हैं। महावतार नरसिम्हा का निर्देशन अश्विन कुमार ने किया है और इसे शिल्पा धवन, कुशल देसाई और चैतन्य देसाई ने क्लीम प्रोडक्शंस के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 3 डी और पांच भारतीय भाषाओं में रिलीज की गई है।

# एक जैसे किरदारों को दोहराने में दिलचस्पी नहींः सिद्धांत

**मुंबई।** अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी का कहना है कि उन्हें कभी भी फिल्मों में एक जैसे किरदार को दोहराने में दिलचस्पी नही रही है। सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही फिल्म धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। वह एक बार फिर एक ऐसी भावनात्मक दुनिया में कदम रख रहे हैं जो उनके लिए अबतक अनछुई रही है। पारंपरिक ढांचे से हटकर किरदार चुनने के लिए पहचाने जाने वाले सिद्धांत ने कहा कि उन्हें कभी खुद को दोहराने में दिलचस्पी नहीं रही। उन्होंने कहा, यदि लोगों को मेरा कोई एक रोल पसंद आया, इसका मतलब यह नहीं कि मैं वही करता रहूं। असली मजा है खुद को बदलने में और हर बार खुद को एक नई चुनौती देने में है। सिद्धांत ने कहा, मैं यहां मार्केट बनाए रखने नहीं, उसे हिलाने आया हूं। मैं अलग-अलग उम्र के लोगों, अलग इलाकों और सोच रखने वाले दर्शकों से जुड़ना चाहता हूं। तभी मैं सिर्फ एक अभिनेता नहीं, एक इंसान के तौर पर भी आगे बढ़ता हूं।

## बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** मशहूर पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना थे। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी।



# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बैन के बाद एकता ने दी सफाई

## कहाः मेरा और मेरी मां का इस प्लेटफार्म से कोई लेना-देना नहीं है

**मुंबई।** ALTT, Ullu समेत 25 ओटीटी ऐप्स पर बैन लगने के बाद एकता कपूर ने कहा है कि ALTT से उनका और उनकी मां शोभा कपूर का कोई लेना-देना नहीं है। इस मामले को लेकर बयान जारी कर एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, जो BSE और NSE में लिस्टेड एक प्रोफेशनल तरीके से चलने वाली मीडिया कंपनी है। हाल ही में ALTT डिजिटल मीडिया एंटरटेनमेंट लिमिटेड (जो पहले इसकी पूरी तरह से अपनी कंपनी थी) के साथ हाल ही में विलय के बाद 20 जून, 2025 से ALTT का संचालन कर रही है। मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि ALTT को सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इन खबरों के उलट, एकता कपूर और शोभा कपूर का ALTT से अब कोई भी सबंध नहीं है। वे जून 2021 में ही ALTT से अलग हो चुकी हैं। अगर कोई इसके उलट दावा करता है, तो वह गलत है।

मीडिया से अनुरोध है कि सही और सटीक जानकारी ही दी जाए। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड सभी लागू कानूनों का पूरी तरह पालन करती है और अपना काम सबसे ऊंचे कार्पोरेट नियमों के साथ करती है।



ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

THE S.D. DEGREE COLLEGE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
JANSATH ROAD, NIRANA, Muzaffarnagar (U.P)
Invite Applications for the
APPOINTMENT OF PRINCIPAL & FACULTIES for
B.A. Hindi, English, History, Political Science, Drawing, Education & Sociology
B.Com. Commerce
B.Sc. Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates may send their resume to thesddegree@gmail.com